




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 122 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 16 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-











किराये से देना है

15x20 डबल स्टोरी दुकान किराये से देना है।

संपर्क :- 99933-16015

किराया - 8000 से 10000 मात्र

हाइवे पेट्रोल पंप के सामने दुर्गा मंदिर के बाजू में

जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई


# बड़ा हादसा: केंद्री गांव बना हादसे का केंद्र, 6 महिलाओं की मौत, 4 घायल

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, भिलाई से राजिम पुन्नी मेला जा रही थी महिलाएं








### मृतकों के घर में मातम पसरा हुआ है, और इस घटना से भिलाई में शोक की लहर है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रायपुर में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजिम पुन्नी मेला देखने जा रहीं महिलाएं हादसे का शिकार हो गईं। रायपुर जिले के अभनपुर से लगे केंद्री के पास जायलो निर्माणाधीन सड़क के डिवाइडर पर जा टकराई। सड़क दुर्घटना में 6 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 महिलाएं और ड्राइवर घायल हैं। टक्कर होते ही चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं समाचार छपे जाने तक खबर आ रही है कि कार ड्राईवर की भी मौत हो गई है लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई के सुभाष नगर निवासी 9 महिलाएं बुधवार सुबह पुन्नी मेले में शामिल होने जायलो कार से राजिम जा रही थीं। रायपुर के आगे अभनपुर के केंद्री गांव के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं कार की स्पीड अधिक थी, जिससे दुर्घटना हुई। कार में सवार सभी को गंभीर चोटें लगी। घटना स्थल पर चार महिलाओं की मौत हो गई थी, जबकि एक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं एक की अस्पताल में मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल 3 महिलाएं और ड्राइवर को रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतकों के घर में मातम पसरा हुआ है और पूरे भिलाई शोक की लहर है।



### सीएम भूपेश बघेल ने जताया शोक

हादसे में मृतक महिलाओं में सुचिता साहू (65 वर्ष), काजल (60 वर्ष), सविता दास (65 वर्ष), रीना चौधरी (75 वर्ष), रीना दास (75 वर्ष) व अर्चना मोला (40 वर्ष) शामिल हैं। अस्पताल में भर्ती सभी घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। एक साथ छह महिलाओं की मौत से भिलाई स्थित महिलाओं के निवास में मातम पसर गया है। सीएम भूपेश बघेल ने हादसे में 6 महिलाओं की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है। सीएम ने घायलों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने और मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश अफसरों को दिए हैं।

# सिंगर-कंपोजर बप्पी लहरी का निधन, मुंबई के अस्पताल में ली अंतिम सांस



**मुंबई (एजेंसी)।** सिंगर और कंपोजर बप्पी लहरी का निधन हो गया है। मुंबई के अस्पताल में बप्पी लहरी ने अंतिम सांस ली है। 69 साल के बप्पी लहरी के निधन की खबर किसी शॉक की तरह ही है। बीते दिनों ही म्यूजिक इंडस्ट्री का सबसे खूबसूरत सितारा कही जाने वाली लता मंगेशकर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अब बप्पी लहरी को लेकर आ रही यह खबर म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। अस्पताल के निदेशक के मुताबिक बीते एक महीने से बप्पी लहरी का इलाज चल रहा था और सोमवार को ही उन्हें डिस्चार्ज किया गया। डॉक्टर का कहना है कि ओएसए (ऑब्सट्रिक्टिव स्लीप एपनिया) के चलते ही बप्पी लहरी का निधन हुआ है। बप्पी दा के नाम से मशहूर बप्पी लहरी ने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी धुन और गानों से एक अलग तरह का ही राग छेड़ा था।

### इन गानों पर झूमने पर मजबूर हुए लोग

बप्पी लहरी ने 70-80 के दशक में ऐसे-ऐसे गाने बनाए जिन पर लोग आज भी झूमने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने चलते-चलते, शराबी, डिस्को डांसर जैसी कई सुपरहिट फिल्मों के लिए गाने बनाए थे। आखिरी दफा उन्होंने टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म बागी 3 के लिए भंकस गाना कम्पोज किया था।

### अचानक बिगड़ी बप्पी दा की तबीयत

अस्पताल के निदेशक डॉक्टर दीपक नामजोशी ने पीटीआई से बात करते हुए कहा है, 'लहरी जी को एक महीने के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था और सोमवार को उन्हें छुट्टी भी मिल गई थी। मंगलवार को अचानक उनकी हालत खराब हुई और उनके परिवार ने डॉक्टर को घर आने के लिए कहा। उन्हें वहां से अस्पताल ले जाया गया। उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याएं थीं। उनका निधन ओएसए (ऑब्सट्रिक्टिव स्लीप एपनिया) की वजह से हुआ है।' बता दें कि बीते साल अप्रैल के महीने में बप्पी लहरी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए थे। इसके बाद मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। कुछ दिन के इलाज के बाद उनकी रिकवरी हो गई थी।

## खास-खबर

### एनएसए अजीत डोभाल के घर में गाड़ी लेकर जबरन घुसने का प्रयास, आरोपी हिरासत में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के घर में गाड़ी लेकर जबरन घुसने का प्रयास करने पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बुधवार सुबह एक व्यक्ति ने कार लेकर जबरन एनएसए अजीत डोभाल के घर में घुसने का प्रयास किया। हालांकि पहले से सतर्क सुरक्षा बलों ने उसे गेट पर ही पकड़ लिया। उसे दिल्ली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है। शुरुआती पूछताछ में आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। दिल्ली पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी के पास से जो कार बरामद हुई है वह किराये पर ली हुई है। एनएसए अजीत डोभाल हमेशा ही आतंकियों के निशाने पर रहे हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे विश्वस्त अधिकारियों में गिने जाते हैं।

### रूस ने क्रीमिया सैन्य अभ्यास को किया खत्म, सैनिकों की वापसी शुरू

**मास्को (एजेंसी)।** यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे संघर्ष के बीच राहत भरी खबर है। न्यूज एजेंसियों के हवाले से सामने आई खबर के मुताबिक, रूस ने क्रीमिया में अपने सैन्य अभ्यास की समाप्ति की घोषणा कर दी है। इसके बाद सैनिक भी वहां से वापस लौट रहे हैं। इसे यूक्रेन के लिए राहत के संकेत समझे जा रहे हैं। दरअसल, एक दिन पहले मंगलवार को पुतिन ने युद्ध की संभावना से इंकार कर दिया था।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वीडियो जारी किया है। इसमें कहा गया है कि क्रीमिया से सेना वापस आ रही है। इस वीडियो में टैंकों और सैन्य वाहनों को क्रीमिया से बाहर निकलते हुए दिखाया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि सैनिक भी अपने स्थाई ठिकानों पर लौट आएंगे।

# अपहृत इंजीनियर व मिस्त्री को नक्सलियों ने किया रिहा, बेटी निकिता ने की थी पीएम मोदी से अपील





### निकिता ने की थी पीएम से मार्मिक अपील

सोनाली ने नक्सलियों से निवेदन किया था कि मेरे पति रोजी रोटी के लिए काम करने बस्तर आए हुए हैं। उन्हें छोड़ दीजिए, हम बस्तर से वापस लौट जाएंगे। सोनाली ने सीएम भूपेश बघेल से अपने पति की रिहाई में मदद की गुहार लगाई थी। इंजीनियर अशोक पवार की रिहाई के लिए उनकी नन्ही बेटी निकिता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मार्मिक अपील की थी। निकिता ने कहा था कि प्रधानमंत्री जी हमारे पापा को छुड़वा दीजिए। मेरी मां भी मुझे छोड़कर जंगल में पापा को ढूंढने चली गई है। मोदी जी मैं आपसे निवेदन करती हूं पापा को छुड़वा दीजिए...।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बीजापुर जिले के बेदरे थाना क्षेत्र से माओवादियों द्वारा अपहरण किए गए इंजीनियर व उसके सहयोगी मिस्त्री को नक्सलियों ने रिहा कर दिया है। मंगलवार की देर रात नक्सलियों ने जिस जगह से अपहरण किया था वहीं दोनों को लाकर छोड़ दिया। नक्सलियों ने दोनों को सरकारी कामों में सहयोग नहीं करने की चेतावनी भी दी है। इंजीनियर व मिस्त्री बेदरे स्थित सीआरपीएफ कैंप में सुरक्षित पहुंच चुके हैं, जिन्हें बीजापुर जिला मुख्यालय लाया जा रहा है। एसएसपी कमलोचन कश्यप ने इसकी की पुष्टि की है।

बता दें कि शुक्रवार को बेदरे थाना क्षेत्र के नुगूर के समीप इंद्रावती नदी पर पुल निर्माण करवा रहे निजी कंपनी के इंजीनियर अशोक पवार व मिस्त्री आनंद यादव को नक्सली साथ ले गए थे। घटना के पांच दिन बाद दोनों को जन अदालत लगाने के बाद नक्सलियों द्वारा रिहा करने की बात सामने आई है।इधर इंजीनियर की पत्नी सोनाली पवार ने अपने पति को सकुशल रिहा करने की अपील नक्सलियों से की थी। सोनाली अपनी बच्ची को गोद में लिए तीन दिनों से बीजापुर के बेदरे थाना क्षेत्र के जंगलों में अपने पति को तलाश रही है। सोनाली की मार्मिक अपील के बाद नक्सलियों का दिल पसीज गया। सोनाली अभी भी जंगल में है। उसे सूचना देकर वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### नंदकुमार साय व विक्रम शाह ने की थी अपील

बता दें कि इंजीनियर की रिहाई के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार साय, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने भी इंजीनियर और राज मिस्त्री को सकुशल रिहा करने की अपील की थी। वहीं एक दिन पहले गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बस्तर आईजी सुंदरराज पी और इंजीनियर अशोक पवार की पत्नी सोनाली पवार से मोबाइल पर बात की थी।

# चंदुलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में 176 पदों पर निकली भर्ती, व्यापम ने जारी किया आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग जिले के कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज को सरकार द्वारा अधिग्रहित करने के बाद यहां बड़ी संख्या में स्टाफ नर्स की भर्ती की वैकेंसी निकली है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज दुर्ग के लिए 176 स्टाफ नर्स की भर्ती का आदेश जारी किया है। इसके लिए लिखित परीक्षा 20 मार्च 2022 को होगी।

बता दें भिलाई के कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया है। इससे पहले यह कॉलेज निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित किया जा रहा था। अब इस कॉलेज में सरकार द्वारा लगातार वैकेंसी निकाली जा रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 176 नर्स के पदों पर भर्ती आदेश निकाला गया।

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी आदेश के मुताबिक चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में 176 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें लिए 20 मार्च 2022 को लिखित परीक्षा ली जाएगी। इनमें से 39 पद सामान्य, 22 पद सामान्य महिला, 5 दिव्यांगजन, 36 एसटी, 16 पद एसटी महिला, 4 पद एसटी दिव्यांग, 14 पद एससी, 6 पद एससी महिला, एक पद एससी दिव्यांग, 16 पद ओबीसी, 7 पद ओबीसी महिला और 2 पद ओबीसी दिव्यांग के लिए आरक्षित किया गया है।

### ऐसे करें आवेदन और जरूरी दस्तावेज रखें साथ

मेडिकल कॉलेज में नर्स की भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ही पात्र होंगे। इच्छुक उम्मीदवार व्यापम की वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in/ से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। व्यापमं ने कहा है कि अंतिम चयन लिखित परीक्षा व निर्धारित माप दंडों के आधार किया जाएगा। व्यापमं के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने 5वीं से लेकर 12वीं या उच्च शिक्षा की मार्क शीट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन, छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति व जन्म प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाणपत्र और नर्सिंग की डिग्री अनिवार्य रूप से रखें।

# छत्तीसगढ़ में कोरोना के 603 नए मरीज मिले, पॉजिटिविटी दर 2 प्रतिशत से नीचे, रायपुर के बाद अब दुर्ग में भी खुलेंगे स्कूल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण धीरे-धीरे कम हो रहा है। पॉजिटिविटी दर भी 2त्न से नीचे आ गई है। मंगलवार को प्रदेश में 603 नए केस मिले हैं वहीं कोरोना से एक की जान भी चली गई। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 6 हजार से कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 14 हजार 12 लोगों की जान जा चुकी है। इधर संक्रमण घटते ही राहत का दौर भी शुरू हो गया है। रायपुर के बाद अब दुर्ग में भी पाबंदियां हटा दी गई हैं। कलेक्टर ने स्कूलों को खोलने व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, रेस्टोरेंट को खोलने के लिए नया आदेश जारी किया है।

स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को प्रदेश में 603 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 112 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद बिलासपुर में 52, सरगुजा में 45, जशपुर में 40, दुर्ग में 36, कबीरधाम में 31, कोरबा में 30, कांकेर में 27, राजनांदगांव में 25, मुंगेली व सूरजपुर में 22-22, बेमेतरा में 20, धमतरी में 17, कोरिया-बीजापुर में 16-16, नारायणपुर में 13, जांजगीर-चांपा 11 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 9 जिलों में 1 से 10 के बीच मरीज मिले हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 5,527 हो गई है। कोरोना के संक्रमित कम मिलने के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में पाबंदियां हटती जा रही है। दुर्ग जिले में पढ़ाई ऑफलाइन होंगी। वहीं होटल, रेस्टोरेंट सहित व्यापारिक गतिविधियों के लिए नया आदेश जारी किया गया है।

### प्रदेश में एक्टिव केस भी कम हो रहे

मंगलवार को 33 हजार 141 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें यह मरीज मिले हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 1.82त्न हो गई है। कोरोना से दुर्ग जिले में एक की मौत हुई है। महीनेभर बाद मौत का आंकड़ा बहुत नीचे आया है। हॉस्पिटल से 44 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 1425 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या में कमी आई है। पॉजिटिविटी दर भी कम हो गई है।

# मुश्किल में मुख्यमंत्री: राहुल गांधी पर टिप्पणी करने के मामले में मुकदमा दर्ज, कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना की जुबली हिल्स पुलिस ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला तेलंगाना कांग्रेस के द्वारा दर्ज करवाया गया है। इतना ही नहीं तेलंगाना कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं से हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ राज्य के सभी पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराने को कहा है। तेलंगाना पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 504 और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, 11 फरवरी को उत्तराखंड में एक रैली को संबोधित करते हुए, हिमंता बिस्वा सरमा ने सितंबर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला था। रैली के दौरान पूछा था कि क्या भाजपा ने कभी उन्हें 'पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटे' होने का सबूत मांगा था।



### यह मातृत्व का अपमान: तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख

तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख रेवंत रेड्डी ने कहा कि असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की टिप्पणी गांधी परिवार या कांग्रेस के खिलाफ नहीं है, बल्कि मातृत्व का अपमान है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता कल तेलंगाना के सभी 709 पुलिस थानों में सरमा के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कराएंगे।

### राहुल गांधी आधुनिक समय के जिन्ना: सरमा

बता दें कि बीते शनिवार को उत्तराखंड की रैली में असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा था कि कांग्रेस नेता की भाषा 1947 से पहले मुहम्मद अली जिन्ना के समान है। वह एक तरह से आधुनिक समय के जिन्ना हैं। लगता है जिन्ना की आत्मा उनमें घुस गई है। इसके अलावा उन्होंने सितंबर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला था। रैली के दौरान पूछा था कि क्या भाजपा ने कभी उन्हें 'पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटे' होने का सबूत मांगा था।

## संपादकीय

# यूक्रेन में भारतीय छात्र

यूक्रेन की राजधानी कीव के भारतीय दूतावास ने उस देश में रह रहे सभी भारतीय छात्रों और अन्य नागरिकों को सलाह दी है कि वे जितनी जल्दी हो सके, भारत लौट जाएं। जब किसी देश पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हों, तब सिर्फ इस तरह की सलाह काम नहीं आती। उस देश में फंसे लोगों को निकालने के लिए विशेष प्रयास करने पड़ते हैं। भारत के पास इसका पुराना अनुभव है। खाड़ी-युद्ध के दौरान कुवैत में फंसे भारतीयों को रातोंरात वहां से निकालने का काम हमने बखूबी किया था। ऐसा ही काम हम इराक पर इस्लामिक स्टेट के कब्जे के दौरान कर चुके हैं और यही काम हमने लीबिया में गृहयुद्ध छिड़ने पर भी किया था। अभी कुछ ही महीने पहले यही काम हमने अफगानिस्तान में भी किया था और वहां से भारत ही नहीं, कई अन्य देशों के लोगों को भी निकाला था। ऐसे ढेर सारे उदाहरण हैं। हालांकि, यूक्रेन में अभी वैसी आपात स्थिति नहीं है कि लोगों को बिना किसी देरी के 'एयरलिफ्ट' करना पड़े। उस पर जिस युद्ध का खतरा मंडरा रहा है, वह फिलहाल शुरू नहीं हुआ है और अभी जो स्थिति है, उसमें उम्मीद है कि ये लोग नियमित उड़ानों से भी भारत आ सकेंगे। हालांकि, इसमें वक्त लग सकता है, क्योंकि नियमित उड़ानों की संख्या सीमित है। इसलिए सरकार की ओर से विशेष प्रयास करने की जरूरत कभी भी पड़ सकती है।

> भारत के छात्रों को यूक्रेन जैसे देश में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है, यह अपने आप में हमारी शिक्षा-व्यवस्था के बारे में बहुत कुछ कहता है। पिछले कुछ समय में भारत में भी कई निजी मेडिकल कॉलेज खुले हैं और मेडिकल सीटों की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन इन कॉलेजों में पढ़ाई बहुत महंगी है, जो कई छात्रों और अभिभावकों पर यूक्रेन जैसे देश में जाने का दबाव बनाती है। इन स्थितियों को बदलना भी जरूरी है।

एक अनुमान के अनुसार, यूक्रेन में इस समय भारत के 18,000 से ज्यादा छात्र पढ़ रहे हैं। इनमें से करीब 5,000 तो अकेले गुजरात के ही हैं। अन्य भारतीय नागरिकों की संख्या अभी तक ठीक से पता नहीं चल सकी है। लेकिन पिछले कुछ सप्ताह से हालात के बिगड़ते जाने से इन बच्चों के अभिभावक चिंतित हैं। गुजरात में तो सारे अभिभावक राज्य सरकार से मिले भी थे, और बच्चों को एयरलिफ्ट करने की गुजारिश की थी। यूक्रेन से अपने नागरिकों को निकालने का काम तकरीबन सभी देशों ने शुरू कर दिया है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों ने अपने नागरिकों के लिए यूक्रेन छोड़ने की 'एडवाइजरी' बहुत पहले ही जारी कर दी थी। उनके लिए यह जरूरी भी था, क्योंकि यूक्रेन को लेकर इस समय जो खटपट चल रही है, उसमें ये देश भी एक पक्ष हैं। लेकिन युद्ध होता है, तो स्थितियां सभी के लिए बिगड़ती हैं, भारत ने इसी को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। अभी यह पता नहीं है कि मौजूदा संकट कब तक चलेगा और जब तक भी चलेगा, वहां से लौटने वाले छात्रों का भविष्य अधर में रहेगा। भारत से ज्यादातर छात्र वहां मेडिकल की पढ़ाई के लिए जाते हैं। यूक्रेन कोई ऐसा देश नहीं है, जिसकी मेडिकल की पढ़ाई के मामले में खासी प्रतिष्ठा हो, उसके मुकाबले भारत के कई संस्थान ज्यादा प्रतिष्ठित हैं। यह जरूर है कि वहां के कुछ संस्थानों की डिग्री को मेडिकल कौंसिल ऑफइंडिया की मान्यता प्राप्त है। भारत के छात्रों को यूक्रेन जैसे देश में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है, यह अपने आप में हमारी शिक्षा-व्यवस्था के बारे में बहुत कुछ कहता है। पिछले कुछ समय में भारत में भी कई निजी मेडिकल कॉलेज खुले हैं और मेडिकल सीटों की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन इन कॉलेजों में पढ़ाई बहुत महंगी है, जो कई छात्रों और अभिभावकों पर यूक्रेन जैसे देश में जाने का दबाव बनाती है। इन स्थितियों को बदलना भी जरूरी है।

> **मुस्लिम नेताओं का कहना है, इस शब्द का इस्तेमाल भाजपा ध्रुवीकरण के लिए कर रही है। अब तक हुए दो चरणों में एकतरफा वोटिंग जैसी खबर नहीं है, पर कोशिशें जारी हैं। चुनाव खत्म होगा, तो फिर उत्तर प्रदेश का हिंदू और मुसलमान एक साथ दिखेगा, क्योंकि यहां के ज्यादातर कारोबार दोनों से जुड़े हैं, कामगार और कलाकार मुसलमान व व्यापारी हिंदू। एक हाथ का हुनर दूसरे की ताकत बनता है। काश, नेता भी इस रास्ते पर चल पाते।**

# ध्रुवीकरण की जारी कवायद

विजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में इन चुनावों के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक सवाल पूछा गया कि 'आपका मुसलमानों के साथ कैसा रिश्ता है?' तो योगी ने सपाट जवाब दिया कि 'मेरा उनके साथ वैसा ही रिश्ता है, जैसा उनका मेरे साथ है'। इस जवाब को हर कोई अपनी तरह से देख सकता है, विश्लेषण कर सकता है, लेकिन सवाल के जवाब से परे एक अहम सवाल है कि इन चुनावों में मुसलमानों की क्या भूमिका होगी? क्या यह चुनाव सांप्रदायिक हो गया है? बाकी मुद्दे गौण हो गए हैं? मुख्यमंत्री आदित्यनाथ जब कहते हैं कि यह चुनाव 80-20 का हो गया है, तो इसके मायने क्या होते हैं? और जब भाजपा एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को अपने टिकट पर नहीं उतारती व दूसरी पार्टियां उन्हें लामबंद करने की हरसंभव कोशिश करती हैं। ओवैसी जैसे नेता 19-11 का फॉर्मूला लेकर आ जाते हैं, जिसके मायने हैं कि जब 11 फीसदी यादव चार-चार बार अपना मुख्यमंत्री बना सकते हैं, तो फिर 19 फीसदी मुसलमान ऐसा क्यों नहीं कर सकते? सिर्फ उन्हें एकजुट होने की जरूरत है और यदि ऐसा है, तो फिर सभी गैर-भाजपा पार्टियां मुस्लिम बहुल सीटों पर अपने-अपने मुस्लिम उम्मीदवार उतारकर क्यों उन्हें बांटने की कोशिश कर रही हैं? क्या वजह है कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद प्रदेश स्तर पर या राष्ट्रीय स्तर पर कोई मुस्लिम चेहरा इस समाज का नेता नहीं बन पाया? और हर बार मुसलमानों ने गैर-मुस्लिम चेहरे के नेतृत्व पर भरोसा किया, चाहे फिर वह चौधरी चरण सिंह हों, विश्वनाथ प्रताप सिंह हों, कांशीराम हो या मुलायम सिंह यादव। क्या इस आबादी का कुछ हिस्सा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे पर भरोसा करता है? क्या मुस्लिम महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा भाजपा सरकार के तीन तलाक को हटाने के कानून के बाद उनके साथ दिखाई देता है? ऐसे बहुत से सवाल इन चुनावों में तैर रहे हैं, और हर कोई अपना जवाब ढूंढ़ रहा है।



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यूपी का चुनाव सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के साथ लड़ा तो जा रहा है, लेकिन इसका नतीजा इस आधार पर तय होता हुआ नहीं दिखता। इसकी एक बड़ी वजह वे शायद पिछले 2017 चुनाव के नतीजों में देखते हैं, जब मुस्लिम बहुल सीटों में से ज्यादातर पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल 29 जिलों की 163 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 137 सीटों पर जीत हासिल की थी। उस वक्त समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, तब सपा को 21 और कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें मिल पाईं। बहुजन समाज पार्टी को केवल एक सीट पर संतोष करना पड़ा। साल 2012 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने सरकार बनाई थी। उस वक्त समाजवादी पार्टी को मिली 225 सीटों में से 90 सीटें मुस्लिम बहुल आबादी वाली सीटें थीं। तब भाजपा को 22 और बसपा को तीस सीटें हासिल हुईं। यानी सरकार बनाने या बहुमत हासिल करने में मुस्लिम बहुल सीटों की अहम भूमिका है, लेकिन नतीजा इस बात से तय होता है कि मुस्लिम वोटों का बंटवारा हुआ है या फिर ध्रुवीकरण। मुस्लिम बहुल सीटों पर अन्य सीटों के मुकाबले ज्यादा मतदान हुआ है।

इस बार करीब 40 सीटों पर दो से ज्यादा मुस्लिम उम्मीदवार आमने-सामने हैं। वैसे उत्तर प्रदेश में सिर्फ रामपुर ही एक जिला है, जहां मुस्लिम आबादी 50 फीसदी से ज्यादा है, इसके अलावा मुरादाबाद और संभल में 47 फीसदी, बिजनौर में 43 फीसदी और अमरोहा में 40 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी है। प्रदेश में 50 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली विधानसभा सीट 11, 30 फीसदी से ज्यादा वाली 44 और 25 फीसदी से ज्यादा वाली 59 विधानसभा सीटें हैं। भाजपा ने इस बार भी किसी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया है, पर एनडीए के सहयोग के तौर पर अनुप्रिया पटेल के अपना दल ने रामपुर में स्वार टांडा सीट से रामपुर के नवाबी खानदान से जुड़े हैदर अली को टिकट दिया है। अगर इस सीट पर भाजपा का वोट भी यदि हैदर अली को मिल गया, तो वह जीत भी सकते हैं। आजम खान इस बार जेल से ही चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के टिकट पर रामपुर सीट से ही मुख्तार अब्बास नकवी ने 1998 में चुनाव जीता था।

चुनाव में ओवैसी की पार्टी भी सक्रिय है, लेकिन सपा और बसपा ओवैसी को भाजपा की 'बी टीम' या 'वोट कटुआ' पार्टी कहती है, क्योंकि उनकी मौजूदगी से मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है। इसका फायदा भाजपा को मिलता है। पिछली बार ओवैसी ने 12 उम्मीदवार उतारे थे, इनमें से 11 की जमानत जब्त हो गई थी। संभल में एक सीट पर उनके उम्मीदवार को 60 हजार वोट मिले थे। राजनीतिक जानकारों की मानें, तो इस बार भी ओवैसी की पार्टी को बड़ा फायदा नहीं होने वाला, लेकिन वोट प्रतिशत बढ़ता है, तो फायदा भाजपा को मिल सकता है।

पिछले दिनों ओवैसी ने 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऐंड प्रैक्टिस' की रिपोर्ट को जारी किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 साल से ज्यादा उम्र के 71 फीसदी से ज्यादा मुसलमान या तो प्राइमरी कक्षा तक पढ़े हैं या फिर अनपढ़ हैं। अनपढ़ मुसलमानों की आबादी 40 फीसदी है, जबकि देश में यह आंकड़ा औसतन 34 फीसदी है। प्रदेश में सिर्फ साढ़े चार फीसदी मुसलमान स्नातक या उससे ज्यादा पढ़े हैं। मुसलमानों में करीब छह फीसदी बेरोजगार हैं। लेकिन चुनावों में इस सब पर चर्चा नहीं होती और कब्रिस्तान, जिन्ना, अब्बाजान, चिलमवादी जैसे नारों का जोर रहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब दावा किया है कि कुछ लोग 'गजवा-ए-हिंद' की बात कर रहे हैं, यह नहीं होने दिया जाएगा। गजवा-ए-हिंद का मतलब काफिरों को जीतने के युद्ध से होता है। जब भारत में इस्लाम फैलाने की कोशिश की गई थी, तब इसके लिए गजवा-ए-हिंद का इस्तेमाल किया गया था। मुस्लिम नेताओं का कहना है, इस शब्द का इस्तेमाल भाजपा ध्रुवीकरण के लिए कर रही है। अब तक हुए दो चरणों में एकतरफा वोटिंग जैसी खबर नहीं है, पर कोशिशें जारी हैं। चुनाव खत्म होगा, तो फिर उत्तर प्रदेश का हिंदू और मुसलमान एक साथ दिखेगा, क्योंकि यहां के ज्यादातर कारोबार दोनों से जुड़े हैं, कामगार और कलाकार मुसलमान व व्यापारी हिंदू। एक हाथ का हुनर दूसरे की ताकत बनता है। काश, नेता भी इस रास्ते पर चल पाते।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# शादी की सही उम्र क्यों न महिलाएं खुद तय करें

माधवी गोराडिया दीवान, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, सुप्रीम कोर्ट

बरसों पहले अजंता घड़ी के मालिकों ने मोरबी (सौराष्ट्र) की अपनी निर्माण इकाइयों में बड़े पैमाने पर महिला कामगारों की भर्ती का फैसला किया। घड़ियों को बनाने में सटीकता की दरकार थी, और युवा महिलाओं की फुर्तीली उंगलियां इस काम के लिए अनुकूल भी थीं। मगर जब कर्मियों के रूप में महिलाओं की नियुक्ति पर विचार हो रहा था, तब इसका विरोध किया गया। दरअसल, उस समय तक ग्रामीण परिवार की युवतियां जीविकोपार्जन के लिए बाहर निकलने की आदी नहीं थीं। इसके अलावा, घर के बाहर उनको सुरक्षा की गारंटी कौन देता? अजंता ने उनके आने-जाने की व्यवस्था करके इस समस्या का समाधान कर दिया। जाहिर है, यह एक अनूठा मॉडल था, जिसने ग्रामीण और छोटे शहरों की महिलाओं को आर्थिक आजादी दी। बदलते समय के साथ, लड़कियां अपनी शादी के लिए जरूरी पैसे भी जुटाने लगीं। बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के तहत महिलाओं की विवाह योग्य आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर अब 21 साल करने संबंधी प्रस्ताव का भी कुछ तबकों ने आश्चर्यजनक रूप से विरोध किया है। जबकि, प्रस्तावित संशोधन महिलाओं के लिए समानता व अवसर सुनिश्चित करता है, जिसकी गारंटी हमारा संविधान भी देता है।




प्रस्तावित संशोधन युवा महिलाओं को शादी और मातृत्व की जिम्मेदारियां ओढ़ने से पहले हाई स्कूल से आगे की पढ़ाई करने, डिग्री या व्यावसायिक कौशल हासिल करने आदि में सक्षम बनाता है। मौजूदा कानून वाकई भेदभावपूर्ण है। इसमें लड़के की तो 21 साल में, पर लड़कियों की शादी 18 साल में हो सकती है। ऐसे प्रावधान पितृसत्तात्मक मान्यताओं का पोषक करते दिखते हैं कि पुरुष चूंकि भरण-पोषण करने वाला होता है, इसलिए पत्नी का साथ निभाने के लिए उसकी उम्र ज्यादा होनी चाहिए। यह इस मिथक को भी कायम रखता है कि लड़कियों की जल्द शादी कर देनी चाहिए, ताकि माता-पिता जिम्मेदारी से मुक्त हो सकें। लिहाजा, विवाह की उम्र-सीमा 21 वर्ष करना महत्वपूर्ण है। वैसे भी, बच्चे आमतौर पर 18 साल में अपना स्कूली जीवन पूरा करते हैं और कॉलेज में दाखिले की पात्रता हासिल करते हैं। 18 साल में ब्याह दी गई लड़की बमुश्किल स्कूली शिक्षा पूरा कर पाती है। इससे उच्च शिक्षा पाने की उसकी उम्मीदें दम तोड़ देती हैं। बाद के वर्षों में अधूरी शिक्षा की इस लड़ी को फिर से जोड़ना मुश्किल होता है। इसके बनिस्बत, पुरुष डिग्री हासिल कर सकते हैं, कौशल पा सकते हैं और आर्थिक रूप से स्वतंत्र भी हो सकते हैं।

इस प्रस्ताव के विरोधी तर्क देते हैं कि अगर 18 साल की उम्र में मत डाले जा सकते हैं, तो क्या शादी नहीं की जा सकती? मगर तथ्य तो यह है कि 18 साल की उम्र में पुरुष भी बेशक वोट डाल सकते हैं, ड्राइविंग लाइसेंस पा सकते हैं, लेकिन शादी नहीं कर सकते। 1978 के बाद से लड़कों के लिए शादी की उम्र 21 साल निर्धारित है। तो क्या पुरुषों को 18 साल की उम्र में शादी की अनुमति देने के लिए 21 साल की उम्र-सीमा को कम कर देना चाहिए? निस्संदेह यह समानता बढ़ाएगा और महिलाओं व पुरुषों को बराबर रखेगा। मगर ऐसे किसी कदम के दूरगामी दुष्प्रभाव हो सकते हैं, क्योंकि इससे उच्च शिक्षा पाने की लड़के और लड़कियों की उम्मीदें जमींदोज हो सकती हैं। हम मताधिकार की उम्र-सीमा या गाड़ी चलाने के अधिकार की तुलना विवाह या पितृत्व से नहीं कर सकते। यह गलत होगा। विवाह तो एक सामाजिक संस्था है, जो दीर्घावधि की प्रतिबद्धता और जिम्मेदारियों की मांग करती है।

यदि महिलाओं को भी पुरुषों के समान डिग्री या कौशल हासिल करने का मौका मिले, तो वे घर के भीतर और बाहर, दोनों जगह काफी सशक्त साबित होंगी। यह सोच बेबुनियाद है कि प्रस्तावित संशोधन अविवाहित बेटी को अधिक समय तक घर का बोझ समझने की मानसिकता बढ़ाएगा। इसका अनुकरणीय उदाहरण अजंता घड़ी है। मैं हमेशा सोचती हूं कि लोग बेटे को लेकर इतने आग्रही क्यों होते हैं? कहा जाता है कि बेटे परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हैं और आर्थिक रूप से घर संभालते हैं। तो क्यों न यह मौका बेटियों को भी दिया जाए? उनको भी बराबर का मौका मिलना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि वे निराश नहीं करेंगी, बल्कि वे बेटों से कहीं ज्यादा काबिल साबित होंगी।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**



मुझे पुकारती रंग-बिरंगी
तितलियां बुलाती, सर्द
हवाएं चहचहाती पक्षियों
की मधुर आवाजें, गिरता
झरना संगीत करें, बुलायें
मुझे अपनी वादियों में।

-अंजली जैन
7024460938





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239



























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






## खास खबर

### एमआईसी सदस्य जोगी ने तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर जनसमस्याएं सुनी

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष सुन्दर लाल जोगी ने नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड नम्बर 26 के तुलसी नगर के अशोक किराना स्टोर्स के पास के क्षेत्र में तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता से सम्बंधित जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सम्बंधित निगम अधिकारियों को वार्डवासियों की समस्याओं का शीघ्र नियमानुकूल निदान जनहित में प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया. शिविर स्थल पर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुन्दरलाल जोगी ने वार्ड के निवासियों को राशन कार्ड वितरित किये. राशन कार्ड में नाम जोड़ने, काटने की कार्यवाही हेतु आवेदन जमा करवाये, निराश्रित पेंशन एवं परिवार सहायता योजना से सम्बंधित आवेदन जमा करवाये. पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जोगी ने शिविर में लोगों से जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका यथासंभव निदान करवाने के प्रति वार्डवासियों को आश्वास्त किया. गन्दगी निकालकर स्वच्छता जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कायम करवाई. वार्ड नम्बर 26 के क्षेत्र में मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलवाया।

### श्रेष्ठ कार्य के लिए पार्षदों, सफाई कर्मचारियों, एनजीओ को स्वच्छता एम्बेसडर ने दिया स्वच्छता प्रमाण पत्र

**रायपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के जोन 10 कार्यालय में नगर निगम के स्वच्छता एम्बेसडर मक्खन सिंह ज्ञानी के करकमलों से जोन कमिष्नर दिनेष कोसरिया, कार्यपालन अभियंता षिबूलाल पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन सहित अधिकारियों की उपस्थिति में वार्ड पार्षदों, एनजीओ, पदाधिकारियों एवं जोन के सफाई कर्मचारियों का स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत श्रेष्ठ सफाई कार्य करने पर स्वच्छता प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## अब हर परिवार को मिलेगा भरपेट भोजन, प्रदेश के सभी परिवारों को मिल रहा है सार्वभौम पीडीएस योजना का लाभ-मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर आज अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत बैजलपुर, दलदली, तरेगांव जंगल और तरेगांव मैदान में आयोजित नवीन राशनकार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए।




उन्होंने ग्राम पंचायत बैजलपुर, दलदली, तरेगांव जंगल और तरेगांव मैदान में आयोजित नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में 38 ग्राम पंचायतों के 110 आश्रित ग्रामों के लगभग 1091 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया।

मंत्री श्री अकबर ने राशनकार्ड वितरण के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो वादा किया था, उसे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के सभी परिवारों को राशनकार्ड बनाकर दिया गया। अब वर्तमान परिस्थितियों में परिवार बढ़ने और विवाह के बाद परिवार से जो अलग हो रहे हैं ऐसे परिवारों को भी छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस योजना से जोड़कर उनके लिए योजना के तहत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार से अलग हो रहे लोगों को वर्तमान में शासन की योजना से जोड़ने के लिए निर्णय लिया है। अब उसी निर्णय के आधार पर ऐसे लोगों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है। मंत्री श्री अकबर ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य शासन ने सबको रियाती दर पर राशन उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने कोटवार से लेकर कलेक्टर तक को इस योजना में शामिल किया है। राशन कार्ड के लिए गरीबी रेखा में होना अनिवार्य नहीं है यह योजना सभी लोगों के लिए है। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीयगढ़ सरकार द्वारा हाल ही में शुरू किए गए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस योजना के तहत ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 6 हजार रूपए दिया जाएगा। इसके पहले किस्त भी इनके खाते में भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से अब राज्य के सभी वर्गों का समुचित विकास होगा। मंत्री श्री अकबर ने नवीन राशनकार्ड वितरण कार्यक्रम में लगभग 1091 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत बैजलपुर के नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बैजलपुर के 11, मड़मड़ा के 44, महली के 33, अंधरीकछार के 43, अचानकपुर के 39, कमाडबरी के 22, छांटा के 41, सिंघारी के 22, खरिया के 14, बोरिया के 54, बोदा-3 के 28, मुडघुसरी के 30 और ग्राम पंचायत खडौदाखुर्द के 27 कुल 408 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत दलदली के नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दलदली के 25, चेन्द्रादादर के 21, आमानारा के 23, केसमर्दा के 20, पीपरखुंटा के 3 और ग्राम पंचायत भुरसीपकरी के 10 कुल 102 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरण किया गया।

## नरवा विकासः संवर गया खरधवा नाला का स्वरूप

### लेमरू हाथी रिजर्व परियोजना अंतर्गत नाला के 168 हेक्टेयर वन क्षेत्र का उपचार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी "नरवा" विकास योजना के तहत धरमजयगढ़ वनमण्डल में लेमरू हाथी रिजर्व परियोजना अंतर्गत हाटी-छाल परिक्षेत्र परिसर में खरधवा नाला को उपचारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में खरधवा नाला की कुल लम्बाई 2.64 कि.मी. में 168.00 हे. वन क्षेत्रफ्ल का भू-जल संरक्षण एवं मृदा क्षरण उपचार किया जा रहा है।



इससे खरधवा नाला के पुनर्जीवित होने से उसका रूप ही संवर गया है। नाला के उपचार हेतु कंटूरट्रेंच, ब्रशवुड, बोल्डर चेक डेम, गेबियन संरचना, तालाब, परकोलेशन टेंक तथा डाईक आदि कुल 89 संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए कुल 64.38 लाख की राशि का प्रावधान है। जिसमें से 59 लाख की राशि व्यय कर अब तक कुल 87 संरचनाओं के निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

लेमरू हाथी रिजर्व परियोजना अंतर्गत नरवा विकास कार्य का मूल उद्देश्य नदी-नालों एवं जल स्त्रोतों के स्तर में वृद्धि कर हाथियों एवं वन्य प्राणियों के भोजन एवं रहवास की व्यवस्था प्रदान करना है। नाला के उपचार से 0.15 लाख घन.मी. जल भण्डार में वृद्धि होगी, जिससे कि संभावित जल सिंचाई क्षेत्र 05 हेक्टेयर होगी तथा वनक्षेत्र में 150 हे.मृदा क्षरण को कम करने में सफ्लता प्राप्त हुई है। साथ ही निर्माण कार्यो के द्वारा ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी सुलभ हुआ है।

इसके अलावा वन क्षेत्रों में निर्माण किये गये तालाबों एवं अन्य संरचनाओं द्वारा भू-जल स्तर में अनुमानित औसत वृद्धि 05 से.मी.हुई है। साथ ही 0.15 लाख घन.मी. संचित जल का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जिससे वन्य प्राणियों को वन क्षेत्रों में भोजन एवं रहवास में भी सुविधा होगी। जिसके फ्लस्वरूप हाथी-मानव द्वंद जैसी घटना की रोकथाम में भी मदद मिलेगी।

## पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्षेत्र में शीघ्र मिलेगा वार्डवासियों को नदी का मीठा जल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के तहत आने वाले पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड नम्बर 35 के क्षेत्र के रहवासी वार्डवासियों को शीघ्र नदी का मीठा जल घरों में नल के माध्यम से देने की तैयारी अमृत मिशन के तहत तेज गति से पूर्णता की ओर अग्रसर है।

आज वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड में बैठक लेकर अमृत मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए सहायक अभियन्ता अंशुल शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा की। सहायक अभियन्ता ने बताया कि पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड नम्बर 35 के लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र में अमृत मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन बिछाने का कार्य देवेन्द्र नगर टंकी के कमांड एरिया में पूर्ण किया जा चुका है। लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र के घरों में शीघ्र नदी का मीठा जल पहुँचाने की दृष्टि से नल कनेक्शन दिया जा चुका है. वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने सहायक अभियन्ता अंशुल शर्मा को अमृत मिशन के तहत वार्ड नम्बर 35 के क्षेत्र में शेष बचे कार्यों को शीघ्र गर्मी प्रारम्भ होने के पूर्व 10 मार्च 2022 तक शत - प्रतिशत क्षेत्र में पूर्ण कर इंटर कनेक्शन करके नल कनेक्शन देकर टेस्टिंग करवाकर लोगों को घरों में नदी का मीठा जल उपलब्ध करवाने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

## असफलता, सफलता के रास्ते में एक सीढ़ी की तरह है : सुश्री उइके

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । राष्ट्र निर्माण की दिशा में किये जा रहे कार्यों में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, कई असफ्लताएं भी आएंगी, परन्तु जीवन में असफ्लता भी सफ्लता के रास्ते में एक सीढ़ी की तरह है। उक्त बातें राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने यहां राजभवन में जे.सी.आई रायपुर के चेयरमेन राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में जेसीस ऑफ सुपर चैप्टर 2022 के नवनियुक्त अध्यक्ष सह प्रतिनिधिमण्डल से मुलाकात के दौरान कही।



राज्यपाल सुश्री उइके ने जे.सी.आई. के नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जे.सी.आई. राज्य में लोगों को जागरूक करने एवं उनके व्यक्तित्व विकास के लिए बेहतर कार्य कर रही है। यह संगठन युवाओं के लिए भी कार्य करता है जो निश्चित ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं। उनके व्यक्तित्व एवं कौशल विकास की दिशा में लगातार कार्य करने की आवश्यकता है ताकि वे बेहतर कल का निर्माण कर सकें। जे.सी.आई. संस्था द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयास सराहनीय है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों से अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि किस तरह उन्होंने प्राध्यापक से राज्यपाल बनने तक का सफ्र तय किया। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि बतौर प्राध्यापक उन्होंने किस तरह संसाधनों के अभाव में भी शिक्षण कार्य किया। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में कार्य करने का अनुभव उनके जीवन का स्मरणीय समय रहा।

व्यक्तित्व विकास पर बात करते हुए राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि लोग बड़ी-बड़ी डिग्रियां ले लेते हैं, अच्छे नंबरों से पास हो जाते हैं, परन्तु व्यक्तित्व विकास न होने से उनका आचार-विचार और संस्कार प्रभावपूर्ण नहीं होता। जेसिस द्वारा व्यक्तित्व विकास के लिए किये जा रहे कार्य युवाओं के लिए मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि जेसीस यह भी प्रयास करें कि ग्रामीण अंचलों में लोगों का किस तरह से विकास किया जाए ताकि वे मुख्यधारा से जुड़कर समाज निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दे पाएं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि समाज सेवा की भावना बाध्यकारी नहीं अपितु स्वस्फूर्त और अंतर्मन से जागृत होनी चाहिए। इस अवसर पर जेसीस छत्तीसगढ़ के चेयरमेन श्री राजेश अग्रवाल ने राज्यपाल से सभी नवनियुक्त अध्यक्षों का परिचय कराया। श्री अग्रवाल ने जेसीस के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।

प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल सुश्री उइके को बैज, मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने भी श्री राजेश अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## मनरेगा से तैयार कुआं, आजीविका का खुला नया रास्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनबचरवार निवासी 46 वर्षीया श्रीमती उमिन्द कुंवर की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से बना कुआं आजीविका के लिए सहारा बन गई है, इससे घर में सब्जी की खेती से आय का नया जरिया भी मिल गया है। वहीं निस्तारी की समस्या भी हल हो गई है।

मनरेगा से ग्रामीण जन-जीवन को निरंतर मजबूती मिल रही है। इस योजना के तहत् कुआँ, डबरी, तालाब, पशु शेड, फ्लोद्यान सहित अन्य हितग्राही मूलक कार्यों से किसानों एवं पशुपालकों की आजीविका बेहतर हो रही है। योजना से ग्रामीणों, किसानों को उनके अपने निजी जमीन में स्वीकृत कार्यों में रोजगार भी मिल रहा है। मनरेगा से श्रीमती उमिन्द कुंवर घर की बाड़ी में कुआँ बनने के बाद अब उन्हें पहले की भाँति रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए पानी की व्यवस्था के लिए दूर तक भटकना नहीं पड़ता है। कुआँ बनने के बाद उनका जीवन सहज हो गया है। वे इस कुएँ से अपनी 50 डिसमिल की बाड़ी में विभिन्न तरह की साग-सब्जियों का उत्पादन भी ले रही हैं।

श्रीमती उमिन्द कुंवर ने बताया कि मनरेगा से खुद के नाम पर निर्मित परिसम्पत्ति से स्वयं को गौरान्वित महसूस कर रही है। उनके परिवार में उनके पति कलवन कुंवर के अलावा दो बच्चे हैं। परिवार के पास जीवन-यापन के लिए लगभग 2 एकड़ की खेती है। राज्य सरकार से वन अधिकार पट्टा के अंतर्गत एक एकड़ की जमीन भी मिली है, जिसमें वे धान का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा महात्मा गांधी नरेगा में खुलने वाले कामों के अलावा पति के साथ मजदूरी करने भी जाती है।

श्रीमती कुंवर ने बताया कि कुआँ निर्माण की स्वीकृति से उन्हें लगा कि अब उनके पास भी अपनी संपत्ति है। इससे उनका सम्मान, बढ़ा है। उन्होंने बताया कि कुआँ बनने के बाद पहली बार वे अपनी बाड़ी में सब्जी-भाजी का उत्पादन ले रही हैं, जिसमें लगभग 2 डिसमिल में लहसुन, 6 डिसमिल में टमाटर और 5 डिसमिल में आलू लगाया है।

### कोविड का संक्रमण पूरी तरह से टला नही है, सभी कोविड प्रोटोकाल का पालन करें- कलेक्टर

**रायपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने कहा कि सभी कोविड प्रोटोकाल का पालन करें। हालांकि कोविड के केसेस कम हो रहे हैं, पर संक्रमण का खतरा पूरी तरह से टला नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मास्क का प्रयोग करें, नियमित रूप से हाथ को सेनिटाईज करते रहे और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। कलेक्टर ने भीड़-भाड़ वाले इलाके में अनावश्यक रूप से जाने से बचने कहा है। उन्होंने वैक्सीनेशन को सबसे जरूरी बताया और कहा सभी लोग अपने दोनों डोज वैक्सीनेशन का पूरा करें। जो बुजुर्ग हैं और जो डोज लेने के पात्र है वो अपना बूस्टर डोज लगवा ले।


















## खास खबर

### हर्बल गुलाल प्लांट से बढ़ेगी महिलाओं की आय, शादी और धार्मिक स्थलों के फूलों का उपयोग

**रायपुर (ए)।** शादी और धार्मिक स्थलों से निकलने वाले फूलों से स्वसहायता समूह की महिलाएं गोठानों में हर्बल युक्त गुलाल तो पहले से ही तैयार कर रही हैं, लेकिन अब प्लांट लगाकर इसका भरपूर उत्पादन किया जाएगा। इससे इस कार्य में लगी महिलाओं की आय बढ़ेगी। रायपुर जिला पंचायत की तरफ से जिले के पांच गोठानों में गुलाल बनाने के लिए प्लांट लगाने की तैयारी की जा रही है। प्लांट से निकलने वाला गुलाल सीधे माल और बाजारों में बेचा जाएगा। इससे समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। जिला पंचायत के अधिकारी का कहना है कि प्लांट लगाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जल्द इसे शुरू किया जाएगा। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के 22 प्रतिष्ठित स्थानों से फूलों को इकट्ठा किया जा रहा है। फूलों को इकट्ठा करने का काम समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में 105 किलो फूल इकट्ठा किया जा चुका है। फूलों को इकट्ठा करने के बाद उसकी छंटाई की जाती है, जिसमें खराब फूलों को अलग कर दिया जाता है। अच्छे फूलों की पत्तियों को तोड़कर उन्हें सुखाते हैं। फिर प्रोसेसिंग यूनिट में डालकर उसे पीसकर गुलाल तैयार कर हे हैं। लेकिन गुलाल बनाने की क्षमता कम है। प्लांट लगने से इसकी क्षमता बढ़ जाएगी। इस मामले में जिला पंचायत रायपुर के सीईओ मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि वर्तमान महिलाओं को रोजगार देने के साथ ही हर्बल रंग-गुलाल तैयार करा रहे हैं। इस रंग और गुलाल की कीमत बाजार से कम होगी। यह स्वास्थ्य के लिए यह हानिकारक भी नहीं होगा। फूलों का उपयोग रंग और गुलाल बनाने में करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन शादी कार्यक्रम और मंदिरों से निकलने वाले फूलों का सदुपयोग करने की पहल जरूर प्रेरक मानी जा रही है।

### छत्तीसगढ़ में अब सीजीपीएससी के लिए करनी होगी यूपीएससी की तर्ज पर तैयारी

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग (सीजीपीएससी) में चयन के लिए अब राहें आसान नहीं होने वाली हैं। अब इसने परीक्षाओं को संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की तर्ज पर तैयार करने का फैसला लिया है। इस बार सीजीपीएससी में प्रश्नों के चयन और स्तर से समझा भी जा सकता है।

#### यूपीएससी स्तर पर परिणाम अपेक्षा के अनुरूप कम

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वर्षों से एक ही पैटर्न में सवाल पूछे जा रहे थे। सीमित सिलेबस होने के चलते सवाल भी मिलते-जुलते ही आ रहे थे। सीजीपीएससी व लोकसेवा आयोग की परीक्षा के स्तर व पैटर्न में काफी अंतर होने की वजह से हमारे यहां राष्ट्रीय स्तर पर परिणाम अपेक्षा अनुरूप काफी कम रहे। इसे ध्यान में रखते हुए सीजीपीएससी की परीक्षाओं को यूपीएससी के स्तर पर लाया जा रहा है, ताकि अभ्यर्थियों की तैयारी उस स्तर पर ले जाई जा सके। हाल ही में हुई सीजीपीएससी की परीक्षाएं उसी स्तर पर लाने का एक प्रयोग रहा। इधर प्रश्नों के हो रहे चयन व प्रयोग को लेकर अध्ययन विशेषज्ञों ने सवालों को असंतुलित बताया है। डिप्टी कलेक्टर के 15, डीएससी के 30 पदों समेत 171 प्रशासनिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। सीजीपीएससी ने सोमवार को माडल उत्तर पुस्तिका जारी कर दी है, लेकिन 13 फरवरी को हुई सीजीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा की जटिलता अभ्यर्थियों में चर्चा का विषय बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि जिनके 45 से 47 सवाल भी सही आ रहे हों, वे मुख्य परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं। जहां पिछली बार कटऑफ120 अंक से अधिक गया था, इस बार 90 से 100 अंक कटऑफ की उम्मीद जताई गई है। सीजीपीएससी की परीक्षा यूपीएससी की तर्ज पर होना ठीक है, लेकिन प्रश्नों के चयन को भी तथ्यात्मक करने की जरूरत है। प्रश्नों का चयन असंतुलित नहीं होना चाहिए, जैसे इस बार देखा गया। इस बार की परीक्षा में कटऑफ अधिकतम 90 से 95 तक जाने की उम्मीद है।

# छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार को राज्यपाल ने किया संबोधित

**राज्यपाल ने 'भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति का वैश्विक आयाम'' विषय पर व्यक्त किए अपने विचार**

**राज्यपाल ने वेबिनार को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज होने पर दी बधाई**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति का वैश्विक आयाम'' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में शामिल हुई। आयोग द्वारा आयोजित वेबिनार को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज होने पर राज्यपाल सुश्री उइके ने आयोग के अध्यक्ष डॉ. शिववरण शुक्ल सहित आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि 'भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति का वैश्विक आयाम'' विषय वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है। भारत की संस्कृति शुरू से ही वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा से प्रचलित है। भारतीय ज्ञान और परंपरा, ज्ञान और विज्ञान, लौकिक पारलौकिक और त्याग का अद्भुत समन्वय है। भारतीय शिक्षण पद्धति में केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि व्यावहारिक पक्षों पर भी जोर दिया जाता था। नई शिक्षा नीति 2020 में प्राचीन भारतीय ज्ञान और विचार की समृद्ध परंपरा का ध्यान रखा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना भी है। अपने सिद्धांतों और विचारों में बिना किसी बदलाव के अपनी सेवा भावना और शांत स्वभाव के लिए भारतीयों की हमेशा तारीफ होती है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने संबोधन में वेबिनार में पूर्व वक्ताओं द्वारा उल्लेखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं में हुए विमर्श पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालयों में राज्य से संबंधित कला को बढ़ावा देने, छात्रों के संचार कौशल को निखारने, छत्तीसगढ़ी जैसे क्षेत्रीय विषयों को पाठ्यक्रम में स्थान देने, संस्कृत और योग को शामिल करने, रोजगारोन्मुखी विषयों और गतिविधियों को प्राथमिकता देने, ग्रामीण साक्षरता में सुधार, उद्योगों की जरूरत के अनुरूप पाठ्यक्रम तथा छात्रों को राज्य व केन्द्र सरकार से संबंधित परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन करने के सुझाव पर विचार करने को कहा। राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने संबोधन के अंत में पुनः सर्वाधिक कुलपतियों के साथ आयोजित वेबिनार को गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज होने पर आयोग को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### जून के बाद नहीं मिलेगी जीएसटी क्षतिपूर्ति, राजस्व बढ़ाने सरकार चिंतित

**रायपुर (ए)।** गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) की क्षतिपूर्ति की राशि इस वर्ष जून से मिलनी बंद हो जाएगी। 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से यह राशि केंद्र सरकार दे रही है। इसके बंद होने से राज्य को अगले वित्तीय वर्ष से सालाना करीब पांच हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

छत्तीसगढ़ सहित ज्यादातर राज्य क्षतिपूर्ति को अगले पांच वर्ष तक जारी रखने की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार की तरफसे कोई जवाब नहीं मिल रहा है। ऐसे में राज्यों ने अपना राजस्व बढ़ाने का उपाय तलाशना शुरू कर दिया है। प्रदेश सरकार इस काम में वित्त विशेषज्ञों की मदद लेने की तैयारी में है। वाणिज्यकर विभाग के अफसरों ने अनुसार राजस्व की पूर्ति के लिए बड़े स्तर पर योजना बनाई जा रही है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य के आर्थिक परिवेश से समानता रखने वाले दूसरे राज्यों से भी जानकारी एकत्र करने के लिए कहा है।

## प्रदेश के नगरीय निकायों को टैंकर मुक्त बनाया जाएगा: डॉ. शिवकुमार डहरिया

**रायपुर के मिनी माता सामुदायिक भवन में नई लिफ्ट का लोकार्पण**

**ब्राईट फाउंडेशन रायपुर को इंटरनेशनल अवार्ड मिलने पर किया सम्मानित**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को टैंकरों से वाटर सप्लाई से मुक्त किया जाएगा। डॉ. डहरिया रायपुर के राजेन्द्र नगर स्थित मिनीमाता सामुदायिक भवन में लगायी गई नई लिफ्ट के लोकार्पण एवं ब्राईट फाउंडेशन रायपरु को इंटरनेशनल अवार्ड मिलने पर आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमादे दुबे सहित छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

डॉ. डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के सभी नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी जनोन्मुखी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए है। जिसका ही परिणाम है कि छत्तीसगढ़ स्वच्छता के क्षेत्र में देश में अव्वल राज्य बना है। डॉ. डहरिया ने कहा कि प्रदेश में गोधन न्याय योजना के तहत लोगों को व्यापक स्तर पर रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को गौठानों के माध्यम से आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को बहुआयामी आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

डॉ. डहरिया ने कहा कि रायपुर के मिनी माता भवन में नगर निगम रायपुर के लोककर्म विभाग द्वारा नई लिफ्ट लगायी गई है, जिसमें लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने रायपुर ब्राईट फाउंडेशन के सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित होने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दीं।

कार्यक्रम को महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर माल्यार्पण कर गुरू घासीदास की सामूहिक रूप से श्रद्धापूर्ण आरती की गई। इस अवसर पर गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खाण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## राज्य में सरसों के रकबे में सवा लाख हेक्टेयर की वृद्धि

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में परंपरागत तौर पर धान की खेती करने वाले कृषक अब धान के साथ-साथ अन्य लाभकारी फसलों की खेती करने लगे हैं। रबी सीजन में सरसों की खेती की ओर राज्य के किसानों का रूझान तेजी से बढ़ा है। यही वजह है कि चार सालों में सरसों की खेती का रकबा 41 हजार हेक्टेयर से बढ़कर अब एक लाख 66 हजार हेक्टेयर हो गया है। कम लागत में ज्यादा मुनाफा देने वाली सरसों की खेती का बढ़ता रकबा कृषि के क्षेत्र में समृद्धि का एक सुखद संकेत है। वर्ष 2017-18 के रबी सीजन में राज्य में 41,430 हेक्टेयर में सरसों की खेती किसानों ने की थी। वर्ष 2021-22 रबी सीजन में राज्य में 1,66,450 हेक्टेयर में सरसों की खेती की जा रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य के रायगढ़ जिले में चार सालों में सरसों की खेती के रकबे में लगभग 18 गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017-18 में इस जिले में मात्र 1,290 हेक्टेयर में सरसों की खेती होती थी, जिसका रकबा अब बढ़कर 22,800 हेक्टेयर हो गया है। सरगुजा संभाग के लगभग सभी जिलों में सरसों की खेती की ओर किसानों का रूझान तेजी से बढ़ा है और रकबे में दो से तीन गुना की वृद्धि हुई है। बलरामपुर जिले में 8,030 हेक्टेयर सरसों का रकबा बढ़कर अब 27,950 हेक्टेयर हो गया है। जशपुर जिले में पहले 3,600 हेक्टेयर में सरसों की खेती होती थी, जो अब बढ़कर 11,950 हेक्टेयर हो गई है। सूरजपुर जिले में सरसों का रकबा 4,000 हेक्टेयर से बढ़कर 11,000 हेक्टेयर और सरगुजा में 5,500 हेक्टेयर से बढ़कर 12,000 हेक्टेयर पहुंच गया है।

राज्य के रायपुर जिले में भी सरसों के रकबे में लगभग सवा चार गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017-18 में रायपुर जिले में मात्र 1,340 हेक्टेयर में सरसों की खेती होती थी, जो अब बढ़कर 5,690 हेक्टेयर हो गई है। गरियाबंद जिले में सरसों की खेती का रकबा 40 हेक्टेयर से बढ़कर 2940 हेक्टेयर हो गया है। इस जिले में चार सालों में सरसों के रकबे में लगभग 73 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। राज्य के बेमेतरा और बालोद जिले में भी सरसों के रकबे में अच्छी-खासी बढ़ोत्तरी हुई है। बस्तर जिले में सरसों का रकबा 1000 हेक्टेयर से बढ़कर 5,750 हेक्टेयर हो गया है। कोण्डागांव जिले के किसान भी अब सरसों की पैदावार करने लगे हैं। कोण्डागांव जिले में सरसों का रकबा 70 हेक्टेयर से बढ़कर 11,340 हेक्टेयर पहुंच चुका है। नारायणपुर जिले में 4100 हेक्टेयर में, कांकेर में 6000 हेक्टेयर में सरसों की खेती होने लगी है। पहले इन जिलों में सरसों की खेती गिनती के किसान किया करते थे। कोण्डागांव, बस्तर, नारायणपुर के किसानों से प्रेरित होकर अब दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर के किसान भी सरसों की खेती को अपनाने लगे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों के चलते राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिला है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत धान के बदले अन्य फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ के मान से 10,000 रूपए की आदान सहायता ने किसानों को अन्य लाभकारी फसलों की खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। राज्य में बीते वर्ष सरसों की खेती 1,36,000 हेक्टेयर में की गई थी, इस साल इसमें लगभग 30,000 हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी हुई है और इसका रकबा बढ़कर 1,66,450 हेक्टेयर हो गया है। राज्य में चालू रबी सीजन में सरसों की बुआई पूर्णता की ओर है।

# मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**राज्य स्तरीय हाईपॉवर कमेटी की बैठक सम्पन्न**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य वाले सभी जिलों के प्रभावितों को मुआवजे का वितरण, लंबित भू-अर्जन की प्रक्रिया वृक्षों की कटाई, परिसम्पतियों का चिन्हांकन और उनके अवार्ड पारित करने की प्रक्रिया फरवरी माह के अंत तक पूरे कर लिए जाएं। श्री जैन ने राष्ट्रीय राजमार्गों और भारत माला परियोजना के तहत बनने वाले सड़कों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रभावितों को मुआवजे के वितरण के लिए 15-15 दिनों की कार्य योजना बनाकर मुआवजे का वितरण किया जाए। जिन निर्माण क्षेत्रों के सभी प्रक्रिया पूरे हो चुके हैं, उन क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने कहा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में निर्मित हो रहे सड़क-पुल-पुलिया के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एवं प्रगतिरत कार्यों के भू-अर्जन, वन व्यपवर्तन एवं विद्युत/पाईप लाईन व्यवस्थापन हेतु गठित हाई पॉवर कमेटी की बैठक का आयोजन मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित राज्य की स्वीकृत परियोजनाओं और प्रगतिरत कार्यों, संवेदनशील क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग और पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के द्वारा निर्मित किए जा रहे सड़कों के प्रगति की समीक्षा की गई।




वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से बिलासपुर जिले के अंतर्गत कबीर चबुतरा-केवची-केंदा-रतनपुर मार्ग, बिलासपुर-जांजगीर-चांपा-कोरबा जिले से होकर गुजरने वाली बिलासपुर उरगा मार्ग, कोरबा जिले के पथरापाली-कटघोरा मार्ग, चांपा-कोरबा-छुरी-कटघोरा मार्ग, उरगा-पत्थलगांव मार्ग, रायगढ़ जिले के उरगा-पत्थलगांव मार्ग, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के कबीर चबुतरा-केवची-केंदा-रतनपुर मार्ग, सरगुजा जिले के अम्बिकापुर पत्थलगांव मार्ग, अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग, बलरामपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के उन्नयन, जशपुर जिले के पत्थलगांव-कुनकुरी-छत्तीसगढ़ झारखण्ड बार्डर, राजनांदगांव जिले के झलमला से शेरपार चौड़ीकरण का कार्य, दुर्ग-रायपुर बायपास भारत माला परियोजना, दुर्ग बायपास के अंत से महाराष्ट्र सीमा तक चौड़ीकरण कार्य, दुर्ग जिला के अंतर्गत दुर्ग-रायपुर बायपास भारत माला परियोजना, रायपुर जिले के अंतर्गत दुर्ग-रायपुर बायपास भारत माला परियोजना और रायपुर-विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना, धमतरी जिले के अंतर्गत रायपुर- विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना, गरियाबंद जिले के अंतर्गत मंदामुड़ा से खुटगांव (उड़िसा बार्डर) चौड़ीकरण का कार्य, बालोद जिले के अंतर्गत झलमला से शेरपार चौड़ीकरण, कोण्डागांव जिले के अंतर्गत रायपुर- विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बस्तर संभाग के सातों जिलों में लोक निर्माण विभाग और पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा निर्मित किए जा रहे सड़क-पुल-पुलियों के प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव वन मनोज पिगुवा, सचिव लोक निर्माण सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सचिव राजस्व एन.एन. एक्का, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल) विवेकानंद सिन्हा, सचिव ऊर्जा अंकित आनंद, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी एके मिश्रा सहित लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















# ट्रैफिक के शोर से पेड़-पौधे भी परेशानः नई रिसर्च में दावा- नॉइज पॉल्यूशन से पौधों का विकास रुकता है, तनाव भी बढ़ता है



जीव-जंतुओं पर शोर का असर होता है, यह बात तो वैज्ञानिक अध्ययनों में कई बार साबित हो चुकी है। इसमें भी कोई संदेह नहीं था कि जीवों पर असर होने के कारण पौधों के पॉलिनेशन (परागण) की प्रक्रिया बाधित होती है और वनस्पति संसार इससे प्रभावित होता है। बेसिक एंड एप्लाइड इकोलॉजी जर्नल में प्रकाशित हाल में हुए अध्ययन में शोर प्रदूषण का पौधों के विकास पर सीधे असर का खुलासा हुआ है। तेहरान की शाहिद बहश्ती यूनिवर्सिटी के जीव विज्ञानी अली अकबर घोतबी रवांडी ने शोर से पौधों के प्रभावित होने को लेकर अध्ययन किया है।

ईरानी वैज्ञानिक ने शहरी माहौल में बहुतायत में पाए जाने वाले दो पौधों गेंदा और स्कारलेट सेज को अपने लैब में उगाया। एक ही वातावरण में दो महीने उगाए जाने के बाद उन्हें दो वर्गों में बांटा गया। एक समूह को दिन में 16 घंटे तक तेहरान के व्यस्त यातायात के 73 डेसिबल के शोर के बीच रखा गया। दूसरे समूह को शांत माहौल में रखा गया। 15 दिन बाद दोनों से अध्ययन के लिए सैम्पल लिया गया।

यातायात के शोर में रहे पौधों पर इसका असर देखा जा सकता था। उनके पत्तों के एनालिसिस से जाहिर हो रहा था कि वे पीड़ित हैं। पौधों में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड और मैलोनडियाल्डिडाइड जैसे केमिकल्स की ज्यादा मात्रा में मौजूदगी तनाव का संकेत दे रही थी। शांत वातावरण में उग रहे पौधों की तुलना में शोर के बीच रहे स्कारलेट सेज के सैंपल में मैलोनडियाल्डिडाइड दोगुना और फ्रेंच मैरीगोल्ड के सैंपल में तीन गुना था।

वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि शोर में रखे पौधों में स्वस्थ विकास और वृद्धि करने वाले हार्मोन्स का स्तर भी बेहद कम हो गया था। तनाव पैदा करने वाले दो हार्मोन्स जासमोनिक एसिड और एब्सिसिक एसिड का स्तर ज्यादा था। यह हार्मोन्स कीटों के हमले को रोकने और अल्कलाइन (क्षारीय) मिट्टी या बहुत कम तापमान की स्थितियों से निपटने के लिए ईजाद होते हैं। शोर प्रदूषण वाले पौधों के सैंपल की पत्तियों का वजन भी कम था।

### पौधों के कान नहीं होते, पर शोर के वाइब्रेशन से वे सब महसूस करते हैं

अध्ययन से सामने आया है कि भले ही पौधों के कान नहीं होते, लेकिन यातायात के शोर से होने वाले वाइब्रेशन से उनके भीतर तनाव की प्रतिक्रिया उसी तरह की होती है जैसी सूखा-अकाल के हालात में या मिट्टी के अल्कलाइन या भारी धातु से युक्त होने पर होती है। क्या सभी तरह का शोर प्रदूषण सभी प्रजातियों को एक ही तरह से प्रभावित करता है?

शहरों में अगर यातायात का शोर होता है तो जंगल या प्रकृति भी खामोश कहां रहती है। ऊंचे पर्वतीय इलाकों के घास मैदान आंधी के कटु शोर का सामना करते हैं। गर्जना करते हुए जल प्रपातों के आसपास भी वनस्पति होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि हो सकता है कि पौधों की कुछ प्रजाति इस शोर से निपटने का मैकेनिज्म विकसित कर लेती हो। यह फिलहाल अभी रहस्य है।

# संजय लीला भंसाली की हीरोइन बनना मेरा सपना था, गंगूबाई के कई इमोशनल सीन में मैं पर्सनली इमोशनल हुई हूं: आलिया भट्ट



आलिया भट्ट उर्फ गंगूबाई ने बताया कि गंगूबाई का किरदार उनके लिए कितना खास है। इसके साथ ही यह भी बताया कि अपनी सफलता, कंपलीमेंट्स और बुराई को किस तरह हैंडल करती हैं।

### गंगूबाई करने के पीछे कोई खास कारण?

मेरे लिए सबसे जरूरी बात यह थी कि मुझे संजय सर के साथ काम करना था। मैं हमेशा से चाहती थी कि मैं उनकी फिल्म की हीरोइन बनूं और वह मुझे डायरेक्ट करें। इसके साथ ही मुझे नई कहानी भी मिली। जिस तरह से गंगूबाई के किरदार को दिखाया गया है। मुझे ऐसा लगता है कि इस तरह के किरदार को इस तरह से पर्दे पर दिखाए हुए काफी समय बीत चुका है। मैं पूरी तरह से तैयार थी। यह किरदार बहुत ही चैलेंजिंग होगा लेकिन इस फिल्म को करते वक्त बहुत ही मजा आया।

### फिल्म को साइन करने से पहले क्या कभी आप रेड लाइट एरिया में गई हैं?

जी नहीं! फिल्म शुरू होने से पहले भी मैंने थोड़ा सा रिसर्च डॉक्यूमेंट्री के जरिए किया था। मैं वहां पर इसलिये नही गई क्योंकि मुझे लगा जितना क्लीन स्लेट रखो। फिल्म की दुनिया फोकस करूं, और कैरेक्टर पर ध्यान दूं। हमें उस दुनिया को दिखाना था तो मैंने इस बार वो सब नही किया जो करती आई हूं।

### फिल्म करते वक्त कोई ऐसा सीन जिससे करते हुए आप ब्रेकडाउन हो गई हों?

जी नहीं, लेकिन कई ऐसे सीन जो मेरे दिल को छू गए थे। जब आप इमोशनल सीन करते हैं, तो कभी कभी आपके अंदर उसका असर रह ही जाता है। अगर आप सच्चाई से अपनी परफॉर्मेंस दे रहे हैं तो वो होता ही है। इस फिल्म को करते वक्त कई बार मेरे साथ ऐसा हुआ।

### करीना की चमेली फिल्म आपने देखी है और क्या उस फिल्म से कुछ लिया है?

हां! देखी है लेकिन बहुत पहले देखी थी। वह फिल्म भी कमाठीपुरा पर आधारित थी। यह फिल्म भी कमाठीपुरा पर आधारित है। कमाठीपुरा के बारे में इस फिल्म में बहुत कम दिखाया गया है। लेकिन औरतों के बारे में ज्यादा दिखाया गया है। गंगूबाई की जिंदगी को दिखाया गया है उनकी लड़ाई को भी दिखाया गया है।

### कोई ऐसा सीन जो दिखने में और स्क्रिप्ट में पढ़ने पर आसान लग रहा था?

मेरे हिसाब से हर एक मोमेंट डिफिकल्ट था। अगर मैं, आपको पूरा बता दूंगी, तो देखने जैसा कुछ बचेगा नहीं। अगर आप ट्रेलर देखोगे तो वहां पर एक सीन है जहां पर मैं आजाद मैदान में खड़े होकर एक भाषण दे रही हूं, बहुत ही फेमस भाषण था। मेरे लिए गंगूबाई का वह बहुत ही मुश्किल सीन था। क्योंकि गंगूबाई की जिंदगी का बहुत ही अहम समय था। जब वह लोगों के दिलों तक पहुंचती है। जो उसकी बात करने का तरीका है। जो शब्द को यूज करती है। जो उसका नजरिया है, वह समाज के सामने पेश करती है। उस दिन के भाषण को मुझे समझना और उस नजरिए को भी समझना बहुत जरूरी था। मुझे याद है उस सीन को हमने 5 दिनों तक शूट किया था।

### कैसे संभालती है अपनी सफलता को?

जो भी मुझे जानते हैं वो जानते हैं कि मैं खुद से कितना प्यार करती हूं। लेकिन मैं खुद से ऑब्सेस्ड नही हूं। मैं अपने आपको बहुत प्यार और रिस्पेक्ट देती हूं। प्यार और रिस्पेक्ट के चलते मैं जो भी काम करती हूं काम खत्म होने के बाद मैं उससे डिटैच हो जाऊं। मैं अपने परिवार और रिश्तों पर ज्यादा ध्यान देती हूं। ऑनलाइन कांटेक्ट ज्यादा देखती हूं। बुक पढ़ती हूं, सोती हूं ,अपने पेट(जानवर) के साथ खेलती हूं।

अब मैं इस मोड़ पर आ गई हूं और यह चीज सीख चुकी हूं, जो भी मैं काम कर रही हूं उस काम को खत्म होने के बाद मैं उससे अलग हो जाऊं। वह मेरी जिंदगी का एक हिस्सा है। मैं हर दिन 100 प्रतिशत अपने काम को देती हूं। लेकिन मैं यह नहीं मानती थी काम ही मेरी जिंदगी में सब कुछ है। अगर काम ज्यादा हो जाता है और मुझे मेरा प्राइवेट टाइम चाहिए होता है। मैं खुद सामने से अपने लिए काम से डिटैच होने के लिए 4 दिन का वक्त मांगती हूं। यह मैं मानती हूं कि मेरा सक्सेस मेरे काम को लेकर है वह सिर्फ काम को लेकर ही हो तो बेहतर होगा। एक फिल्म से लेकर दूसरी फिल्म तक अगर मैं सिर्फ काम काम और काम सोचती रहूंगी तो वह मेरी मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होगा। इसलिए मैं अपने आप को समय देती हूं। अपने काम से थोड़ी दूरी बनाकर और यह मेंटल हेल्थ के लिए जरूरी है।

### कंगना आपके काम की तारीफ कर चुकीं हैं कैसे लेती हैं उनकी बातों को?

देखों मैं ऐसी इंसान हूं ना तो मैं अपनी कामयाबी को सर पर चढ़ने देती हूं। ना ही नाकामयाबी को दिल में घर करने देती हूं। अगर मेरी कोई तारीफ करता है तो मैं उसे सर पर चढ़ने नहीं देती। और अगर मेरी कोई बुराई करता है तो मैं उसे दिल से नहीं लगाती। मैं बहुत ही ग्रेट फुल महसूस करती हूं। जो भी काम मुझे करने का मौका मिला है मौके मिले हैं।

एक्ट्रेस के तौर पर मैं आगे चलकर बतौर एक्ट्रेस अपने काम को खूब खूब मेहनत और शिद्दत से करूंगी। मैं कभी भी कंपलीमेंट्स को लेकर कंपैरिजन नहीं करती हूं। मेरा काम है अच्छा काम करना, और लोगों को अगर वह काम पसंद आ रहा है तो उसका बेनिफिट फिल्म को होना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो यह मुझे खुशी देता है।

# यश की 'केजीएफ 2' को टक्कर देगी शाहिद कपूर की 'जर्सी', 14 अप्रैल को साथ रिलीज होंगी दोनों फिल्में



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की मोस्ट अवेटिड फिल्म 'जर्सी' की रिलीज डेट चर्चा में बनी हुई है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं लेकिन मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट को कई बार आगे बढ़ा चुके हैं। फिल्म दिसंबर में रिलीज होने वाली थी लेकिन कोरोना वायरस की वजह से तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था। वहीं अब मेकर्स ने फैंस का इंतजार खत्म करते हुए फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। शाहिद कपूर की ये फिल्म अब बैसाखी के मौके पर यानी 14 अप्रैल को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद शाहिद कपूर ने एक ट्वीट कर दी है। शाहिद की किया ये ट्वीट शाहिद कपूर ने अपने ट्वीट में लिखा है, 'यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारी प्यारी फिल्म जर्सी 14 अप्रैल 2022 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में मिलते हैं।

### केजीएफचैप्टर 2 बनाम जर्सी

14 अप्रैल को सिनेमाघरों में सिर्फ शाहिद कपूर की फिल्म 'जर्सी' ही रिलीज नहीं हो रही है। इस दिन साउथ इंडस्ट्री की मोस्ट अवेटिड फिल्म 'केजीएफ: चैप्टर 2' भी रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का भी दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इसी वजह अब 14 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों की धमाकेदार भिड़ंत देखने को मिलेगी। 'केजीएफ 2' और 'जर्सी' दोनों फिल्मों की कहानी अलग-अलग है ऐसे में फिल्म रिलीज होने के बाद सबकी नजर कलेक्शन पर जम जाएगी।

### लाल सिंह चड्ढा भी होनी थी रिलीज

आमिर खान और करीना कपूर की फिल्म 'लाल सिंह चढ्डा' भी 14 अप्रैल को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी लेकिन आमिर खान ने फिल्म का काम पूरा ना होने की वजह से रिलीज डेट को आगे खिसका दिया है। अब आमिर की ये फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। 11 अगस्त को प्रभास की 'आदिपुरुष' रिलीज होने वाली थी। लेकिन दोनों फिल्मों के मेकर्स ने बातचीत की, जिसके बाद 'आदिपुरुष' की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है।

### 31 दिसंबर को रिलीज होनी थी 'जर्सी'

'जर्सी' 31 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। फिल्म के ट्रेलर में भी रिलीज डेट 31 दिसंबर ही बताई गई थी लेकिन कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे की वजह से इस फिल्म की रिलीज डेट को पोस्ट पोन कर दिया गया था।

### ये है फिल्म की कहानी

मालूम हो कि 'जर्सी' तेलुगू की सुपरहिट फिल्म का हिंदी रीमेक है। यह फिल्म 36 साल के एक शख्स पर आधारित है, जिसका छह साल का बेटा है। वह फिर से क्रिकेट खेलना शुरू करता है, क्योंकि उसे सिर्फ वही काम आता है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्ममेकर गौतम ने किया है।

# अक्षय कुमार की 'बच्चन पांडे' का नया पोस्टर आउट, 18 फरवरी को आएगा ट्रेलर

एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बच्चन पांडे' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब हाल ही में अक्षय ने इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म को लेकर एक बड़ी अनाउंसमेंट की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर फैंस के साथ शेयर किया है। इसके साथ ही अक्षय ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीड डेट भी अनाउंस की है। अक्षय ने पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा, यह एक ऐसा कैरेक्टर है, जिसके एक पेंट शॉप की तुलना में कई ज्यादा शेड्स हैं। 'बच्चन पांडे' आपको डराने, हसाने, रुलाने सब के लिए रेडी है। कृपया उसे अपना सारा प्यार दें। फिल्म का ट्रेलर 18 फरवरी 2022 को रिलीज किया जाएगा। साजिद नाडियाडवाला के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अक्षय के अलावा कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडीज और अरशद वारसी भी लीड रोल में हैं। फिल्म को 18 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपॉली, कसरा, ड्राईफिट, एन.एस लावकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान
New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरूम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिज़ाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### महापौर एवं आयुक्त ने मुक्तिधाम परिसर में की साफ-सफाई

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा द्वारा विगत पांच दिनों से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत आज महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने वार्ड क्र. 04 स्थित मुक्तिधाम में पहुंचकर हाथों में झाडू उठाई एवं साफ-सफाई की। उन्होने स्वयं कचरे का संग्रहण करते हुए कचरे को सफाई वाहन में डाला। विभिन्न मोहल्लों का पैदल भ्रमण करते हुए सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छतामित्रों का उत्साहवर्धन किया, अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 10 फरवरी से कोरबा शहर में निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। 10 फरवरी को महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री पाण्डेय द्वारा मुरारका पेट्रोल पम्प के समीप इसकी शुरूआत कराई गई थी। महाअभियान के पांचवे दिन आज निगम के वार्ड क्र. 04 ब्राम्हणपारा, पटेलपारा, केंवट मोहल्ला, देवांगन मोहल्ला, कॉआपरेटिव गली सहित आधा दर्ज बस्तियों व माहेल्लों में स्वच्छता ड्राईव चलाई गई।

### निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा कराएँ - कलेक्टर

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा कराएँ। महोबे आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, राष्ट्रीय राजमार्ग, वन विभाग, आदिवासी विकास विभाग, नगरीय निकायों आदि विभागों में स्वीकृत निर्माण कार्य, पूर्ण कार्य तथा प्रगतिरत कार्यों की विस्तारपूर्वक गहन समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी कार्यों को निर्धारित समय के भीतर पूरा कराएँ। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर निर्माण कार्यों का सतत् निरीक्षण करें। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल भवनों का निर्माण कार्य अप्रैल 2022 तक पूर्ण करा लेने के निर्देश दिए।

# घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड की मची है धूम

## अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाईन प्लेटफॉर्म्स पर हर्बल ब्रांड की लगातार बढ़ती मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही हैअमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाईन प्लेटफॉर्म्स पर हर्बल ब्रांड की लगातार बढ़ती मांग। घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। अमेजन एवं फ्लिपकार्ट जैसे प्रमुख ऑनलाईन व्यावसायिक प्लेटफॉर्म्स पर भी छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद विक्रय के लिए उपलब्ध हैं।



अब छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय विभागों को हर्बल्स ब्रांड के उत्पादों की खरीदी करने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य शासन के सभी विभागों, शासकीय उपक्रमों और नगर निगमों को इस छूट का लाभ मिलेगा। इस निर्णय से राज्य में छत्तीसगढ़ हर्बल के उत्पादों की बिक्री में और अधिक वृद्धि होगी। राज्य में वर्ष 2019-20 में एक करोड़ 25 लाख रुपए, वर्ष 2020-21 में 2 करोड़ 15 लाख, और वर्ष 2021-22 के पहले 9 महीने में 4 करोड़ 34 लाख रुपए के मूल्य के उत्पादों की बिक्री राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में हो चुकी है। वर्ष 2022 में यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाईन प्लेटफर्म, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, ग्रामीण ई-स्टोर के सीएससी नेटवर्क ने देश के अलग-अलग राज्यों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ हर्बल के लिए बाजार बनाने में मदद की है।

छत्तीसगढ़ हर्बल्स के अनेक उत्पादों को पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान मिल रही है, इनमें अनाज, स्वदेशी मसाले, कुकीज़, पर्सनल केयर आइटम्स और वनोपजों में नवोन्मेष के साथ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के माध्यम से 150 से भी अधिक उत्पादों की बिक्री हो रही हैं। जिसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में 30 संजीवनी केंद्र की शुरुआत की गई है, जहां हर्बल ब्रांड के उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

### राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता

छत्तीसगढ़ के हर्बल उत्पादों कि विदेशों में भी अच्छी खासी मांग है, यहां से मिलने वाले ऑर्डरों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ हर्बल्स ने दुबई में अंतर्राष्ट्रीय गल्फ़ फूड फेस्टिवल, दिल्ली में इंटरनेशनल फूड फेस्टिवल और ट्राइबल फेस्टिवल, भोपाल में इंटरनेशनल हर्बल फेयर, दीवाली हाट मेला, राज्योत्सव और मॉल प्रदर्शनियों में भाग लिया और अपने प्रोडक्ट्स का प्रचार-प्रसार कर दुनियाभर तक हर्बल उत्पादों की विशेषता पहुंचाई।

### वनोपज से बने हर्बल उत्पाद

छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड में छत्तीसगढ़ के वनों से आदिवासी महिलाओं द्वारा संग्रहित और उनसे तैयार किए गए उत्पादों का विक्रय किया जाता है, जिसका उद्देश्य आदिवासियों एवं अन्य वनवासियों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान है। हर्बल ब्रांड में भृंगराज तेल, नीम तेल, हर्बल साबुन, च्यवनप्राश, शुद्ध शहद, सेनेटाइजर, हर्बल हवन सामग्री, बीज तेल, आंवला जूस, बेल शर्बत, जामुन जूस, महुआ आर.टी.एस., महुआ स्क्वैश, हर्बल कॉफ़ी, आंवला लच्छा, अचार, पाचक, कैंडी, बेल मुरब्बा, चाय उपलब्ध हैं। जबकि महुआ के लड्डू, जैम, कुकीज़, अचार, चिक्की, चंक्स और इमली के ब्रिक्स, कैंडी, कौंचपाक, इमली सॉस एवं जामुन चिप्स, मसाला गुड़ पाउडर एवं आयुर्वेद चूर्ण के विभिन्न उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि ने बनाया अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड, महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के वनों से प्राप्त वनोपजों से निर्मित हर्बल उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए, नई रणनीतियों के तहत काम किया गया। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इनकी उपलब्धता सुनिश्चित की गयी, जिसका परिणाम बढ़ती बिक्री के रूप में देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ हर्बल की सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ ग्रामीण अंचल की उन महिलाओं का है, जिन्होंने वनोपज संग्रहित किया, उनसे उत्पाद निर्मित करने में सहायता की और उनकी पैकेजिंग में मुख्य भूमिका निभाई। इस तरह न केवल शुद्ध उत्पाद उपभोक्ता तक पहुंच रहे हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम और सुदृढ़ हो रही हैं।

# गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में पूरा करें मुख्यमंत्री निवास का निर्माण कार्य : ताम्रध्वज साहू



श्रीकंचनपथ न्यूज

लोक निर्माण मंत्री ने नया रायपुर में मुख्यमंत्री निवास समेत निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

**रायपुर।** लोक निर्माण मंत्री ने नया रायपुर में मुख्यमंत्री निवास समेत निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज नया रायपुर में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने विभागीय अधिकारियो को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने नया रायपुर में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। ताम्रध्वज साहू ने निर्माणाधीन राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, मंत्रीगण निवास एवं विभागीय अधिकारियों हेतु आवास भवनों का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नया रायपुर के सेक्टर-18 (सेक्टर-24) में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए 591 करोड़ 75 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने विभागीय अधिकारियो को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ये जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री निवास का कार्य दिसंबर 2022 तक तथा सभी मंत्री निवास मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। क्षेत्र में हरियाली के लिए रॉयल पाम के पौधे लगाए जाएंगे तथा 10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान श्री ताम्रध्वज साहू ने भवन निर्माण, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग और विद्युतीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया और इन्हें समय पर पूर्ण करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता वीके भत्पहरी, प्रमुख अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यक, प्रमुख अभियंता (ई×एम) जी एस मंडावी, अधीक्षण अभियंता विजय सिंह कोर्रम समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक ग्राम पंचायत के एक-एक स्कूली शौचालय आदर्श शौचालय के रूप में होंगे विकसित

# राज्य में चलेगा टेबलेट से पहले टॉयलेट अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक ग्राम पंचायतों के एक-एक स्कूल में आदर्श शौचालय का निर्माण किया जाएगा। इन शौचालयों में कम लागत में अच्छी गुणवत्ता का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। शौचालयों में रनिंग वाटर, ड्रेनेज व्यवस्था आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही इनकी नियमित साफ-सफाई और रख-रखाव के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे।



मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आगामी शिक्षा सत्र में टेबलेट के पहले टॉयलेट अभियान को मूर्त रूप देने के निर्देश दिए है। इन शौचालयों का निर्माण विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के समन्वय से किया जाएगा। श्री जैन ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना के अंतर्गत प्रयुक्त होने वाली खाद्य सामग्री सहित अन्य सामग्रियों की खरीदी गौठानों में संचालित ग्रामीण आजीविका केन्द्र से किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाली सामग्री और बाजार से खरीदी जाने वाली सामग्री की सूची बनाकर इस पर अमल करने कहा है। मध्यान्ह भोजन में लगने वाली सभी सामग्रियों की आपूर्ति ग्रामीण आजीविका केन्द्रों के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा कार्यकारिणी समिति और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित राज्य स्तरीय मानिटरिंग सह संचालन समिति की बैठक आज मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षण सत्र 2022-23 के लिए समग्र शिक्षा के तहत 3456.98 करोड़ रूपए की वार्षिक कार्ययोजना और मध्यान्ह भोजन योजना के लिए कुल 696.18 करोड़ रूपए की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

अनुमोदन के पश्चात यह प्रस्ताव भारत सरकार को स्वीकृति के लिए भेजे जाएंगे। बैठक में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री धनंजय देवांगन, संचालक लोक शिक्षण श्री सुनील जैन सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय विविधता एवं किसानों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र बनाएं अपनी योजनाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर द्वारा छत्तीसगढ़ में संचालित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए वार्षिक कार्य योजना-2022 हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.एस. सेंगर ने किया।

उन्होंने जिलों में मासिक कार्यशालाओं के माध्यम से कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केन्द्रों को जोड़ने का आव्हान किया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य की क्षेत्रीय विविधता और किसानों की प्राथमिकताओं को मद्देनजर रखते हुए जैविक, प्राकृतिक खेती तथा एकीकृत कृषि प्रणाली से संबंधित मुद्दों पर कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को कार्य करने की सलाह दी। इस दो दिवसीय कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित 27 कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा डी.एस.वी.सी. कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित एक कृषि विज्ञान केन्द्र ने भाग लिया और उन्होंने वर्ष 2022 के लिए विस्तार क्षेत्र अनुसंधान हेतु अपनी कार्ययोजनाएं प्रस्तुत की।


छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केन्द्रों ने अपनी वार्षिक योजना प्रस्तुत की जिसमें ऑन-फार्म परीक्षण, फील्ड स्तरीय प्रदर्शन, क्लस्टर फील्ड स्तर प्रदर्शन, पोषक-स्मार्ट ग्राम योजना तथा प्रशिक्षण और विस्तार गतिविधियां शामिल थीं। प्रत्येक शोध प्रस्तावों की समीक्षा की गई और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. एस.एस. सेंगर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह तथा दोनों विश्वविद्यालयों के निदेशक विस्तार सेवाएं द्वारा सुझाव दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर की सिफारिश के अनुसार 2022 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना की अनूठी विशेषता, स्वदेशी और पारंपरिक ज्ञान पर अनुसंधान को शामिल करना था, जिनकी छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से उत्तर और दक्षिणी क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान कार्यों को भी प्रस्तावित किया गया है।

### बढ़ते अपराध एवं भाजपाईयों को प्रताड़ित करने के विरोध में भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किये के विरोध में भाजपा ने मंगलवार को राजधानी रायपुर में धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने धरना स्थल पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण में पुलिस प्रशासन द्वारा भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। कवर्धा, जगदलपुर और रायपुर इन तीनों शहरों में जिस तरह से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा रवैया अपनाया गया है निश्चित ही यह कांग्रेस सरकार के संरक्षण में किया जा रहा है।








































## खास-खबर

### इंजीनियर की धारदार हथियार से हत्याः खेत में खून से लथपथ मिली लाश

**जांजगीर ( ए )।** जांजगीर में बुधवार सुबह एक इंजीनियर की खून से लथपथ लाश मिली है। उसका शव गांव के ही खेत में पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि धारदार हथियार से छात्र को मारा गया है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची गई है। डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुला लिया गया है। हालांकि अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र क है। जानकारी के मुताबिक, भिलाई गांव निवासी राजेश देवांगन (26) पुत्र भीम देवांगन इंजीनियर था। वह दोपहर को घर से निकला था, लेकिन शाम तक नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाश करने निकले। फिर भी उसका कुछ पता नहीं चला। इस बीच ग्रामीणों ने सुबह खेत में युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। उसकी खून से लथपथ लाश पैरा के नीचे दबी हुई थी। बस पैर बाहर दिख रहे थे।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो शव की शिनाख्त हुई। इसके बाद मामले की जांच जारी है। आसपास के लोगों के साथ ही परिजनों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। मामला गांव का होने के कारण अंदेशा आसपास के ही किसी व्यक्ति पर है। हालांकि इसमें विवाद और दुश्मनी का एंगल भी पुलिस तलाश रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच तेज होगी।

### 3 दिन से लापता युवक की मिली लाशः बंद खदान में पड़ा था शव, चेहरे में मिले चोट के निशान

**कोरबा ( ए )।** कोरबा में 3 दिन से लापता युवक की अब लाश मिली है। उसका शव एक बंद पड़े खदान में मिला है। युवक के चेहरे में चोट के निशान मिले हैं। इस वजह से परिजनों ने आशंका जताई है कि उसकी हत्या की गई है। मामला बांकी मोंगरा थाना क्षेत्र का है। मडवाडोडा गांव निवासी महेश राम चौहान(26) पिछले 3 दिनों से लापता था। वह बिन बताए ही कहीं चला गया था। इसी वजह से उसके परिजनों ने उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि काफी पता लगाने के बाद युवक का कुछ पता नहीं चल सका है।

इधर, मंगलवार सुबह महेश राम के परिजनों को सूचना मिली कि महेश राम का शव बंद पड़े खदान नंबर 10,11 में पड़ा हुआ है। गांव के लोगों ने वहां के गार्डों ने इस बात की सूचना दी थी। ये सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी इस बात की जानकार दी। फिर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को वहां से उठवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था। बताया गया कि युवक महेश राम की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वो बिन बताए ही कहीं भी चला जाया करता था। वहीं उसके परिजनों को कहना है कि खदान में 3 से 4 गार्ड तैनात रहते हैं। फिर भी उन्हें इतने दिन से पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि महेश के चेहरे में चोट के भी निशान हैं। साथ ही उसका शव ऐसी जगह में मिला है। जहां इस समय कोई आता जाता नहीं। इसलिए हमें आशंका है कि किसी ने उसे मार डाला है।

### कट्टा के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** मंगलवार को बड़ा अशोक नगर स्थित बाजार के पास स्कूटी पर बैठे दो लड़कों के कट्टा लहराने की सूचना पर गुढ़ियारी पुलिस ने दोनों को पकड़ा। पूछताछ में एक ने अपना नाम रोहित उके उर्फ छोटा भाऊ एवं दूसरे ने सतीश यादव उर्फ सियाराम निवासी गुढ़ियारी रायपुर का निवासी बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने एक कट्टा बरामद किया।

### नकली टीवी पर कंपनी का लोगो लगाकर बिक्री

# शिकायत हुई तो पकड़े गए आरोपी, सामान भी हो गया जब्त

**तखतपुर (ए)।** बिलासपुर जिले में असली दाम लेकर नकली माल बेचने का मामला सामने आया है। ये दुकानदार असली कंपनी का लोगों लगाकर, लोगों को नकली सामान बेच रहे थे। मगर जब इस मामले की शिकायत पुलिस से हुई तो वह पकड़े गए हैं। इनसे नकली सामान भी जब्त किया गया है। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है।




दरअसल, क्राउन कंपनी के अधिकारियों की शिकायत मिली की उनके नाम से यहां कुछ दुकानदार टीवी बेच रहे हैं। एक ग्राहक ने ये कहते हुए भी शिकायत कर दी थी कि दाम तो आप लोग अच्छे लेते हैं। मगर टीवी जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में हम आपकी कंपनी की टीवी क्यों लें। इस बीच जब कंपनी के अधिकारियों ने पता लगाया तो उन्हें पता चला कि शहर मुकेश इलेक्ट्रॉनिक्स और पाल रेडियो में क्राउन कंपनी का नाम से टीवी बेची जा रही है।

मामले में पता चलने के बाद अधिकारियों ने इसकी शिकायत तखतपुर थाने में की थी। जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने इन दुकानों में दबिश दी तो दोनों दुकानों से कंपनी का ट्रेडमार्क लगे फर्जी टीवी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में दुकानदारों ने अपना अपराध कबूल किया है। इसके बाद इन दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट और ट्रेडमार्क एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

#### धोखाधड़ी से ऐसे बचें

इस तरह के धोखाधड़ी से बचने के लिए सामान खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो सही सामान आप ले सकेंगे। सबसे पहल इस तरह के सामान को ऑथोराइज्ड डीलर से ही खरीदें। किसी भी दुकान से सामान लेते समय यह पता कर लें कि वह उस सामान को बेचने के लिए ऑथोराइज्ड है या नहीं। साथ ही इस तरह के कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामान लेने के बाद दुकानदार से उसका पक्का जीएसटी बिल भी लें। कंपनी के कस्टमर केअर में फोन करके सामान की खरीदी से संबंधित जानकारी साझा कर असली होने की पड़ताल भी कर लें।

## 21 लाख का सरिया लेकर ट्रक ड्राइवर गायब, अपराध दर्ज



**रायपुर ( ए )।** उरला थाने में अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया गया है। आरोपित लाखों रुपये का सरिया लेकर मध्यप्रदेश नरसिंगपुर निकला था, लेकिन पांच दिन बीतने के बाद भी वह गंतव्य तक नहीं पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। थाने में उमेश पटेल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। उमेश ने बताया कि वह प्रभात रोडवेज के नाम से ट्रांसपोटिंग का काम करता है। नौ फरवरी को ग्रेवेटी फेयरो प्रास्नवेट लिमिटेड कन्हेरा रोड, उरला इलाके से मध्यप्रदेश के कृष्णा कंस्ट्रक्शन नरसिंहपुर ले जाना था। लोड़ सरिया 21 लाख 66 हजार 323 रुपये है। ट्रक ड्राइवर कौशल विश्वकर्मा ने माल लोड़ कर 23 हजार रुपये का डीजल डलवाया एवं नकदी 7,500 रुपये लिया। कौशल के साथी चालक राजबहोर यादव के साथ दोनों का मोबाइल नंबर देकर रात 8:30 बजे लगभग कौशल नरसिंहपुर के लिए रवाना हुए। इसके बाद कौशल ने अपना फोन बंद कर दिया। 12 तारीख तक कृष्णा कंस्ट्रक्सन के पास सरिया नहीं पहुंचा तब उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## मंदिर हसौद में महिला की गला दबाकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** राजधानी के मंदिर हसौद के खुटेरी के जंगल में महिला की गला दबाकर हत्या करने वाले हत्यारे संतू दीवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शैलेंद्र धीवर ने मंदिर हसौद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी मां भगवंतीन धीवर को 8 फरवरी को शाम 4:30 बजे बस स्टैंड मंदिर हसौद में ग्राम मोखला आरंग जाने के लिए छोड़ा था। जो आरंग नहीं पहुंची थी।




#### दूसरे दिन मिला शव

दूसरे दिन 9 फरवरी को महिला का शव थाना मंदिर हसौद के ग्राम खुटेरी जंगल में मिला। शैलेंद्र धीवर ने सूचना मिलने के बाद जाकर देखा तो मां भगवंतीन धीवर के रुप में पहचान की। महिला के गले में लाल रंग का स्कार्फ कसा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। महिला की गला दबाने से हत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मिलने के बाद के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मंदिर हसौद में अपराध दर्ज किया था।

#### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पकड़ा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर सेल एवं थाना मंदिर हसौद की संयुक्त टीम ने अज्ञात आरोपित की पतासाजी शुरू की। मृत महिला के बेटे और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने के बाद और मुखबिर को लगाया था। मखबिर की सूचना दिया की मृतका को अंतिम बार आरंग बैहार निवासी संतू राम दीवान के साथ देखा गया था। पुलिस ने संतु राम दीवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पुलिस की कड़ाई से पूछताछ करने पर संतू राम ने बताया कि मृतका भगवंतीन धीवर उसे फंसाने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करते हुए अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने को मजबूर करती थी। इसी बात से तंग होकर आरोपित ने मृतका को बस स्टैंड मंदिर हसौद से अपने साथ बाइक से ले जाने के बाद स्कार्फ से उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी।

# छह साल से कंपनी का टैक्स जमा करने के नाम पर वसूलता रहा सीए, 1.10 करोड़ पार

**रायपुर ( ए )।** राजधानी के डीडी नगर थाना इलाके में एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत सीए (चार्टड अकाउंटेट) टैक्स जमा करने के नाम पर पिछले छह साल से अपनी ही कंपनी के रकम को पार करता रहा। आरोपित सीए ने टैक्स जमा करने के नाम पर कंपनी से अलग- अलग खातों में किस्तों में एक करोड़ 10 लाख 23 हजार 239 रुपये पार किए दिए। कंपनी को विश्वास दिलाने के लिए आरोपित लगातार फर्जी दस्तावेज भी थमाता रहा। डीडी नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरु कर दी है।




#### आईडी और पासवर्ड मांगा तो खुला राज

कंपनी प्रबंधन को उस समय सीए पर संदेह हुआ जब उन्होंने सीए से आईडी और इससे संबंधित पासवर्ड की मांग की। यह सुनते ही आरोपित सीए कंपनी प्रबंधन को कुछ महीनों तक घुमाता रहा। फिर कोरोना काल का बहाना बनाकर कार्यालय ही आना बंद कर दिया।

कंपनी प्रबंधन का शक गहराया, तो नए पासवर्ड और आइडी की जांच की तो टैक्स जमा करने का नोटिस आने लगा। कंपनी प्रबंधन ने सीए से चर्चा की तो उसने रकम लौटाने की बात कहते हुए पहले चेक दिया और चेक क्लीयर नहीं होने पर फोन उठाना ही बंद कर दिया है। कंपनी प्रबंधन ने मामलें की शिकायत डीडी नगर पुलिस को की है।

डीडी नगर पुलिस को कंपनी प्रबंधन की तरफसे मार्केटिंग हेड रोहित शर्मा ने मामलें की शिकायत की है। रोहित ने पुलिस को पूरी कहानी बताई है। इसके अनुसार टैक्स और आडिट करने के संबंध में सीए के रुप में संजय कुमार सिन्हा को नियुक्त किया गया था। संजय का काम अच्छा था और विश्वास पात्र थे, तो उन्हें कंपनी का सेकेट्री बना दिया गया और टैक्स और आडिट संबंधी सभी अकाउंट्स की आईडी उन्हें सौप दी गई।

आरोप है कि कंपनी के विश्वास का फायदा उठाते हुए सीए ने वर्ष 2015 से 2020 तक किश्तों में टैक्स जमा करने के नाम पर पैसे निकाले और फर्जी रसीद कंपनी में बनाकर जमा कर दी। कंपनी प्रबंधन ने सीए से बार-बार चर्चा की और रिस्पांस नहीं मिलने पर पुलिस का दरवाजा खटखटाया है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**

निविदा क्र. 282 से 296/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2022 बालोद, दिनांक 07.02.2022

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का विवरण :-** बालोद जिले के वि.खं., डौण्डी, डौण्डीलोहारा, बालोद, गुण्डरदेही एवं गुरूर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिट एवं एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना का कार्य।

| | नि.सू.क्र./ सिस्टम नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 282/92288 | विकासखंड गुरूर/ग्राम आनंदपुर | रू. 91.02 लाख |
| 2 | 283/92289 | विकासखंड डौण्डी/ग्राम हितपाथर | रू. 84.91 लाख |
| 3 | 284/92290 | विकासखंड डौण्डी/ग्राम कुसुमटोला | रू. 92.99 लाख |
| 4 | 285/92291 | विकासखंड डौण्डी/ग्राम कुंजकन्हार | रू. 75.16 लाख |
| 5 | 286/92292 | विकासखंड गुण्डरदेही/ग्राम खलारी | रू. 108.24 लाख |
| 6 | 287/92293 | विकासखंड गुण्डरदेही/ग्राम मुंदरा | रू. 99.94 लाख |
| 7 | 288/92294 | विकासखंड गुण्डरदेही/ग्राम बासीन | रू. 113.02 लाख |
| 8 | 289/92295 | विकासखंड बालोद/ग्राम तालगांव | रू. 58.49 लाख |
| 9 | 290/92296 | विकासखंड बालोद/ग्राम टेकापार | रू. 133.05 लाख |
| 10 | 291/92297 | विकासखंड बालोद/ग्राम चिरईगोडी | रू. 99.14 लाख |
| 11 | 292/92298 | विकासखंड बालोद/ग्राम बारही | रू. 126.76 लाख |
| 12 | 293/92299 | विकासखंड बालोद/ग्राम उमरदाह | रू. 131.66 लाख |
| 13 | 294/92300 | विकासखंड गुरूर/ग्राम सांकरा (जे) | रू. 117.08 लाख |
| 14 | 295/92301 | विकासखंड गुरूर/ग्राम मोखा | रू. 114.28 लाख |
| 15 | 296/92302 | विकासखंड डौण्डीलोहारा/ग्राम पिनकापार | रू. 97.29 लाख |

1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि - 14/02/2022
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 24/02/2022

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 14.02.2022 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते हैं।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद**
**जिला-बालोद ( छ.ग. )**

जी-67832/6

Authorised For :
SOMANY
Wall & Floor Tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित इंडियन मॉडल, वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लकड़ी सोफा 9500/- से शुरु (वारंटी के साथ)
• लकड़ी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्टी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल, डेसिंग टेबल कम्प्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली
(भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान हाई स्कूल के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb
Ladies wear
JOCKEY
UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET
Shop No. 57,
A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash
9926004441,
0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट,
सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### क्षितिज चंद्राकर एवं सुमित वोरा बने दुर्ग नगर निगम के विशेष आमंत्रित स्वच्छ्ता ब्रांड एंबेसडर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा समाज सेवक विशेष आमंत्रित क्षितिज चंद्राकर,गौसेवक विशेष आमंत्रित सुमित वोरा को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।स्वच्छ्ता अभियान पर नागरिको को जागरूक करेंगे इस पहले निगम ने 43 ब्रांड एम्बेसडर सूची प्रेषित की जा चुकी है।जिसमे अधिकारी,पत्रकार,अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, कॉलेज प्राचार्य ,शिक्षक, वकील समेत समाज सेवक,व्यवसायी शिक्षा समेत अन्य प्रमुख लोगों को स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है जिसकी सूची महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी ने जारी किया। वर्तमान में 11 अतिरिक्त ब्रांड एम्बेसडर चयनित किया गया है।निगम ने स्वच्छ्ता की तैयारी को लेकर कमर कस ली है। महापौर एवं आयुक्त ने एक और ब्रांड एम्बेसडर सूची जारी किया सभी को जल्द प्रमाण पत्र देकर जिम्मेदारी देंगे। आज जारी सूची में स्वच्छ्ता ब्राण्ड एम्बेसडर की जिम्मेदारी इन्हें मिली समाज सेवी श्रीमती आयशा अहमद,पत्रकार रवि प्रकाश ताम्रकार,समाज सेवक दिलीप सिंह,समाज सेवक रमेश पटेल,समाज सेवक विनोद सेन,समाज सेवक कौशेलेन्द्र पटेल,समाज सेवक प्रीतम पटेल,समाज सेवक विकास पांडेय के अलावा समाज सेवक संजय गर्ग शामिल हैं।

### कुर्की वारंट के बाद निगम की राजस्व वसूली में आई तेजी

**दुर्ग।** नगर पालिक पालिक वसूली के लिए नगर निगम ने बड़े बकायादारों को कुर्की वारंट थमाया है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा है कि अगर ईमानदारी से सभी बकायादार निगम कार्यलय में पहुचकर बकायादार टैक्स जमा करें। इससे नागरिक सुविधाओं में और इजाफा होगा। लंबे समय से कर का भुगतान नहीं करने वाले बकायादारों पर निगम ने एक बार फिर शख्ती,पिछले दिनों 130 लोगो को कुर्की वारन्ट जारी होने से वारन्ट मिलते ही बकाया दार जमा कर रहे है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि इन बकायादारों का बकाया कर का भुगतान करने के लिए पहले भी डिमांड नोटिस जारी किया गया था। आज निगम राजस्व विभाग के अधिकारी नारायण यादव की टीम ने 9 लाख 90 हज़ार 4 सौ 52 रुपए का हितग्राहियो से वसूली की गई।

### कैंडल जलाकर दी पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि

**भिलाई।** पुलवामा में शहीद हुवे वीर जवानों को कैंडल दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं मातृ पितृ दिवस भी मनाया गया। वार्ड पार्षद वार्ड 19 नगर पालिका निगम रिसाली के ईंदरा चौक मरौदा स्टेशन की महिला एवं युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। पार्षद सोनिया देवांगन पार्षद की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीमती सोनिया देवांगन के द्वारा हम सब का सम्मान भी किया गया। सोनिया देवांगन ने पुलवामा में शहीद हुवे वीर जवानों को कैंडल जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बीएसपी टीम के चयन कल

**भिलाई।** इस्को इस्पात संयंत्र (आई.एस.पी.) द्वारा आगामी 02 से 07 मार्च तक बर्नपुर में अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई के फुटबॉल ग्राउंड में 17 फरवरी एवं 18 फरवरी को शाम 5 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जायेगा। खिलाड़ी/वार्ड/ भिलाई नगरीय परिधी के युवा बेरोजगार खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु 17 फरवरी को शाम 3.30 बजे से पूर्व पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई के एम एफ बेग, एम के सिंह के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

# भिलाई शहर के सुपेला शासकीय अस्पताल में बनेगा 20 बिस्तर का आइसोलेशन वार्ड

## कोविड की लड़ाई में निभाएगा अहम भूमिका, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अस्पताल का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला का आकस्मिक निरीक्षण किया। पूरे अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर पीयम सिंह ने आयुक्त को अवगत कराया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशन में 20 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जाएगा। जिसकी सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर कार्य आदेश जारी कर दिया गया है, शीघ्र कार्य प्रारंभ होने की जानकारी उन्होंने दी।**



भूतल एवं प्रथम तल का निर्माण आइसोलेशन वार्ड के लिए किया जाएगा, जिसमें कोविड के मरीजों का उपचार होगा। कोविड की लड़ाई में एवं थर्ड वेव को देखते हुए यह आइसोलेशन वार्ड अहम भूमिका निभाएगा और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा। इधर अस्पताल के पिछले हिस्से में ईटीपी का निर्माण किया जा रहा है, जिससे अस्पताल से निकलने वाले गंदे पानी को रिसाइकल करके इसका पुनः उपयोग किया सके। निगमायुक्त ने अस्पताल परिसर में संचालित सभी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सा स्टाफ के बारे में एवं विशेषज्ञों के कार्यों की जानकारी आयुक्त ने प्रभारी से ली। आयुक्त ने ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, मरीजों के लिए बेड एवं कक्ष, स्टाफ की उपलब्धता, ड्यूटी टाइम रोस्टर एवं साफ-सफाई इत्यादि की भी जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त ने वैक्सीन की उपलब्धता एवं कोल्ड चैन सिस्टम को भी देखा और प्रतिदिन लगने वाले वैक्सीन कैंप के आधार पर व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विशेष अभियान की जानकारी ली।

परिसर में सीसीटीवी कैमरा, कोल्ड चैन कक्ष के संधारण एवं पेवर ब्लाक लगाने अस्पताल के प्रभारी से चर्चा की। आयुक्त ने कोविड जांच केंद्र का निरीक्षण किया और प्रतिदिन जांच की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पार्किंग स्थल का भी अवलोकन किया। कैंपस में निर्मित धनवंतरी मेडिकल स्टोर की प्रगति का जायजा लिए और शीघ्र-अतिशीघ्र लोगों को सुविधा देने के लिए सारी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान नेहरू नगर जोन के आयुक्त मनीष गायकवाड, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं उप अभियंता गौरव अग्रवाल मौजूद रहे।

कानपुर कैंट विधानसभा में करेंगे धुआंधार चुनाव प्रचार

# उत्तरप्रदेश रवाना हुए वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक और स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा आज उत्तर प्रदेश रवाना हो गए। वोरा आज सुबह फ्लाईट से लखनऊ के लिए रवाना हुए। वे लखनऊ से कानपुर जाएंगे और कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। विधानसभा चुनाव में कानपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर बनाए गए हैं। वोरा 18 फरवरी को वापस दुर्ग लौटेंगे।

उनके साथ दुर्ग नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के महासचिव संदीप वोरा भी रवाना हुए। वोरा को दिसंबर में कानपुर कैंट का आब्जर्वर बनाया गया था। दिसंबर में कानपुर प्रवास के दौरान वोरा ने क्षेत्र में कांग्रेस को विजयी बनाने लगातार बैठकों का आयोजन किया और स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद वोरा ने कानपुर कैंट क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट सीनियर लीडर्स को सौंप दी थी।

चार दिवसीय प्रवास के दौरान वोरा लगातार कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। अब वोरा दोबारा कानपुर कैंट क्षेत्र के प्रवास पर रवाना हो गए हैं। वे चार दिनों तक कानपुर में ही रहेंगे और कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में धुआंधार चुनाव प्रचार करेंगे। आपको बता दें कि अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने यूपी चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है। बाद में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दिल्ली में वोरा समेत डेढ़ दर्जन कांग्रेस विधायकों की बैठक लेने के बाद वोरा को कानपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र का ऑब्जर्वर नियुक्त कर दिया गया। दिग्गज कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रह चुके हैं।

# सर्वेक्षण : छुटे हुए लोगों को मिलेगा दोबारा मौका, 22 फरवरी तक जोन कार्यालय में कर सकते है दावा-आपत्ति के लिए आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो का सर्वेक्षण उपरांत अब छुटे हुए लोगों को दोबारा मौका मिल रहा है। सर्वेक्षण के पश्चात 8 फरवरी से 22 फरवरी तक दावा-आपत्ति की जा सकती है, और जोन कार्यालय में इसके लिए आवेदन देकर नाम जुड़वाया जा सकता है। इसके लिए सभी जोन ऑफिस में दावा आपत्ति लेने का काम किया जा रहा हैं, वही मुनादी के माध्यम से वार्डो में व्यापक प्रचार किया जा रहा है, ताकि छुटे हुए लोगों को जोड़ा जा सके।

सभी जोन के आयुक्त से अधिक जानकारी भी इसके लिए ली सकती है, वही पार्षद का सहयोग भी प्राप्त कर सकते है। उल्लेखनीय है कि 6 अगस्त 2021 को सर्वेक्षण के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण अधिकारियों को दिया गया था। इसके बाद से आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सभी जोन के कर्मचारियों को सर्वेक्षण कार्य के लिये




ड्यूटी लगाई थी, जो घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम किए। जोन के जोन आयुक्त को नोडल अधिकारी इस कार्य के लिए नियुक्त किया गया है। ओबीसी वर्ग का तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को सर्वेक्षण के लिये शामिल किया गया। लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी लिए गए, इसके अतिरिक्त जोन कार्यालय में भी प्रविष्टि करवाई गई। हितग्राही स्वयं की ष्ठत्तष्ठष्ट एप्लीकेशन के माध्यम से आधार नंबर एवं राशनकार्ड नंबर दर्ज कर ऑनलाइन आवेदन भी किए।

# सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई द्वारा कैरियर विकल्प के रूप में सिविल सेवा पर ई-टॉक आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेंट थॉमस कॉलेज के सिविल सर्विसेज एस्पिरेन्ट क्लब ने कैरियर विकल्प के रूप में सिविल सेवा पर एक ई-टॉक का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और अतिथि वक्ता विनय सिंह (निदेशक तेजस आईएएस अकादमी भिलाई) और नव चयनित डिप्टी कलेक्टर, छत्तीसगढ़ सुश्री प्राची ठाकुर थे।**

कार्यक्रम में माननीय हिस ग्रेस डॉक्टर जोसेफ मार डायनोशियस (कोलकाता महानगर के डायोसिज और प्रबंधक बिशप), सेंट थॉमस कॉलेज डायसेशन शिक्षा अधिकारी और प्रशासक वेरी रेवरेन्ट एंड फादर डॉ.जोशी वर्गीस एवं प्राचार्य डॉक्टर एम जी रोईमोन उपस्थित थे। प्रारंभ में डॉ शिजा वर्की अतिरिक्त प्रमुख स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग और प्रकोष्ठ के संयोजक द्वारा स्वागत भाषण दिया गया उन्होंने



सिविल सेवा परीक्षा के सबसे चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद भी लोक सेवा में नियुक्ति के सपने को संजोने वाले लाखों उम्मीदवारों से संबंधित तथ्यों को साझा किया उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए समय ही एकमात्र वास्तविक पूंजी है और इसका विवेकपूर्ण निवेश अंततः उनके सपनों को साकार कर सकता है कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री विनय सिंह ने प्रतिभागियों को सिविल सेवा परीक्षा के बारे में जानकारी दी जिसका आयोजन प्रतिवर्ष लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाता है एवं जिसके प्रीलिम्स, मेंस और साक्षात्कार के तीन अलग-अलग चरणों में उम्मीदवारों के ज्ञान और समग्र क्षमताओं का मूल्यांकन होता है। इसके अलावा उन्होंने वर्णनात्मक परीक्षा के लिए रणनीति तैयार करने के बारे में चर्चा की जिसमें सात सैद्धांतिक पेपर शामिल है और साक्षात्कार ओं में अच्छे प्रदर्शन हेतु मूल्यवान सुझाव दिए। अतिथि अध्यक्ष सुश्री प्राची ठाकुर ने अपना सफलता मंत्र साझा करते हुए छात्रों से दृढ़ संकल्प और परिश्रम के साथ अपने सपनों को पूरा करने का आग्रह किया। सत्र के अंत में वक्ताओं ने छात्रों की शंकाओं और दुविधा को दूर किया और परीक्षा की तैयारी वैकल्पिक विषयों का चयन प्रदर्शन के दबाव से निपटने और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति पर एकाग्र चित्त होने से संबंधित प्रश्नों के व्यवहारिक उत्तर दिए।

इस अवसर पर सिविल सर्विसेज एस्पिरेंट क्लब के आयोजक समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुजाता कोले सहायक प्राध्यापक स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अपर्णा सहायक प्राध्यापक स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया।


मां का इलाज कराने बाहर गई थी, ताला तोड़कर मकान पर कर लिया कब्जा

# जनदर्शन में विधवा महिला ने लगाया आवेदन मकान वापस दिलाने के लिये किया निवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

### एक निजी स्कूल में अतिरिक्त फीस लिये जाने पर रोक लगाने पालक संघ ने दिया आवेदन

**भिलाईनगर। अहिवारा की एक विधवा महिला ने जनदर्शन में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के समक्ष मकान वापस दिलाने का आवेदन दिया। महिला का कहना था कि मकान के स्वामित्व के निर्धारण के लिए कोर्ट में केस चल रहा है।**



जब मुझे अपने माँ की बीमारी का समाचार मिला तो मैं उनसे मिलने चली गई। वापस आने पर मैंने पाया कि मकान पर क्लेम करने वाले एक व्यक्ति ने ताला तोड़कर घर में कब्जा कर लिया है।

महिला का आरोप है कि इस व्यक्ति ने कूटरचना कर मकान अपने नाम से कराया है जिसका केस चल रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को मामले की जांचकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर जनदर्शन में एक आवेदन जिले के एक स्कूल प्रबंधन के संबंध में पालक संघ का भी आया। पालक संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपे अपने आवेदन में कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा निर्धारित मानकों के अलावा अतिरिक्त राशि फीस के रूप में वसूली जा रही है। इसकी जांच करा प्रबंधन पर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने इस संबंध में जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। समोदा निवासी एक ग्रामीण ने जनदर्शन में अपनी जमीन में पंचायत द्वारा सड़क का निर्माण कराये जाने की शिकायत रखी। कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को जांच के निर्देश दिये।

एकता परिसर मालवीय नगर की एक महिला ने बताया कि उन्होंने बैंक से किसी भी तरह का शापिंग कार्ड इशू करने आवेदन नहीं दिया था। फिर भी उनके खाते से 28 जनवरी को 68 हजार 880 रुपए निकाल लिये गये। जब बैंक में पता किया तो बताया गया कि उनकी यह राशि उनके शापिंग कार्ड का क्लोन बनाकर निकाली गई है।

# नराकास स्तरीय ऑनलाइन राजभाषा तिमाही रिपोर्ट एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के लिए दिनांक 14 फरवरी 2022 को नराकास स्तरीय ऑनलाइन राजभाषा तिमाही रिपोर्ट प्रविष्टि एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों के संस्थान प्रमुखों सहित राजभाषा हिंदी समन्वय अधिकारीगण तथा कार्यालयीन कार्यों में संलग्न अधिकारी व कर्मचारीगण प्रतिभागी के रूप में ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित हुए।**

कार्यक्रम के आरंभ में भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा), जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि दिनांक 17 जनवरी 2022 को आयोजित नराकास की 54वीं छमाही ई-समीक्षा बैठक में सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) एवं कार्यालयाध्यक्ष, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य क्षेत्र), भोपाल श्री हरीश सिंह चैहान महोदय ने कहा था कि समस्त संस्थान हिंदी में सराहनीय कार्य कर रहे हैं, किंतु रिपोर्ट में प्रविष्टियाँ करते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है, ताकि उनके कार्यों का उन्हें सही परिणाम प्राप्त हो सके, इस हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सचिवालय द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। यह कार्यक्रम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया है।

तत्पश्चात सुश्री प्रतीका गार्गव साकल्ले, राजभाषा अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, आंचलिक कार्यालय, सेक्टर-10, भिलाई द्वारा तिमाही रिपोर्ट प्रविष्टि प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की सूचना प्रबंधन प्रणाली वेबसाइट पर ऑनलाइन तिमाही रिपोर्ट प्रविष्टि में सावधानियों तथा अनिवार्यताओं के साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में बताया गया। वॉइस टायपिंग प्रशिक्षण धनंजय मेश्राम, वरिष्ठ स्टाफ सहायक, राजभाषा विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दिया गया।

जिसमें यह प्रदर्शित किया गया कि इन्टरनेट की सहायता से मात्र कुछ ऐप्स को अपने मोबाइल में इन्स्टाल करके मोबाइल में बोलकर अपने कंप्यूटर में हिंदी भाषा में आसानी से टाइपिंग कर सकते हैं। प्रतिभागियों ने तिमाही रिपोर्ट प्रविष्टि एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यालयीन कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक प्रबंधक, (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा) जितेन्द्र दास मानिकपुरी, ने किया।

# भोले की बारात के लिए राज्यपाल को आमंत्रण, दया सिंह ने राजभवन में मुलाकात कर भिलाई आने दिया न्यौता

श्रीकंचनपथ न्यूज

### राज्यपाल से मुलाकात कर आमंत्रण कार्ड देने राजभवन पहुंचे दया सिंह

### आयोजन को लेकर दया सिंह ने की चर्चा, बाबा की बारात में शामिल होने का दया को दिया राज्यपाल ने भरोसा

### नवरात्रि में मां दुर्गा पंडाल खुर्सीपार आ चुकी हैं राज्यपाल सुश्री उइके



**भिलाईनगर।** राज्यपाल अनुसुइया उइके भिलाई आ सकती हैं। वे भिलाई में निकलने वाली भोले बाबा की बारात में शामिल होने के लिए आ सकती हैं। इसके लिए उन्होंने आयोजन समिति के अध्यक्ष दया सिंह को आश्वासन देते हुए हामी दी है। आज दया सिंह ने राजभवन जाकर अनुसुइया उइके को आमंत्रण कार्ड भेंट किया। इस आमंत्रण कार्ड को देख राज्यपाल ने कहा कि, वे पूरी कोशिश करेंगी। भोले की बाबा की बारात में शामिल होने के लिए पूरा प्रयास करेंगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए दया सिंह को शुभकामनाएं दी। वहीं दया ने इस आयोजन से संबंधित जरूरी जानकारी के बारे में बताया। यह भी बताया कि 13 वर्षों से भोले बाबा की बारात निकाली जा रही है। हर साल कार्यक्रम को भव्यता मिल रही है। इस साल भी आयोजन भव्य होगा। इसके लिए आयोजन समिति से लेकर पदाधिकारियों को अन्य जरूरी जिम्मेदारी दी गई है।

# अमेरिका से मिली बेबी अमायरा को 55,000 रुपए की सहायता राशि

**भिलाई।** रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई छत्तीसगढ़ की संरक्षिका, छत्तीसगढ़ की बिटिया श्रीमती विभाश्री साहू न्यूयॉर्क, अमेरिका निवासी को संस्था की अध्यक्ष सुश्री शांता शर्मा द्वारा बेबी अमायरा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिली कि बेबी अमायरा जो कि सुपेला में अपने माता के साथ रहती है, जन्म के समय डिलेवरी में कुछ समस्यायों के कारण बेबी अमायरा का बायां हाथ ठीक तरह काम नहीं कर रहा। डॉक्टर्स ने बताया कि फिजिकल थेरेपी के द्वारा बेबी अमायरा का हाथ ठीक हो सकता है।

बेबी अमायरा के माता पिता आर्थिक रूप से उसका इलाज कराने में असमर्थ थे इसलिए संस्था संरक्षिका के माध्यम से नॉर्थ अमेरिका साहू एसोसिशन तथा आल अमेरिका छत्तीसगढ़ी ग्रुप के द्वारा 55,000 रुपए का सहयोग राशि दिया गया। यह सहयोग राशि चेक के माध्यम से रुपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष शांता शर्मा द्वारा बेबी अमायरा की माता को सौंपा गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा न्यू प्रेस क्लब भिलाई की अध्यक्ष सुश्री भावना पांडे ने सहायता राशि का चेक पीड़ित परिवार को प्रदान किया गया किया। रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था से अध्यक्ष सुश्री शांता शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती मालती यादव, पी एस चौहान एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950